दैनिक नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
ताज़ा खबरें और ई-पेपर पाने के लिए अभी स्कैन करें!
वर्षः 17 | अंक 29 | सीकर, शुक्रवार 27 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# एस एस मोदी में कक्षा दो के विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन समारोह मनाया



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के गौरव पथ पर स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन डे समारोह गुरुवार दिनांक 26.03.2026 को धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल व प्राचार्य विजय मसीह ने पुष्प गुच्छ भेंट करके अतिथियों व अभिभावकगण का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व माँ शारदे की वन्दना से हुआ। समारोह में नन्हें-नन्हें बच्चों के साथ उनके माता.पिता भी मौजूद रहे जिसमें बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति, नृत्य और गाना गाकर समां बाँधे रखा। इसमें बच्चों ने जमकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी किया। इस दिन को यादगार बनाने के लिए विद्यालय द्वारा बच्चों को ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहनाकर सम्मानित किया। नई ड्रेस में बच्चे बड़े ही उत्साहित नजर आए और साथ-साथ उनके अभिभावक भी खुश दिखाई दे रहे थे। बच्चों को उनकी प्रतिभा स्वरूप उपहार व प्रमाण पत्र भेंट किए गए। प्राचार्य विजय मसीह ने आज के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह गर्व का विषय है कि बच्चे प्री प्राइमरी से निकलकर एक चरण आगे बढ़ रहे हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये शिक्षक व अभिभावक दोनों की सहभागिता जरूरी है। यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों के हौसलों को बुलंद करने उन्हें अगले पड़ाव में प्रवेश करने का अहसास करवाने के मकसद से करवाई गई है। इस तरह के समागम से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है जो उन्हें जिंदगी में आगे बढ़ने तथा सफलता की बुलंदियां छूने में मदद करता है। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि शिक्षा का मूलभूत तंत्र ज्ञान है। यह समारोह छात्रों को नई कक्षा में प्रमोट करने के लिए स्वागत करता है। उन्हें उनकी मेहनत और सफलता के लिए सम्मानित करता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये उनकी प्रतिभा को पहचानें और उसी दिशा में उनका मार्गदर्शन करें। उन्होंने नई शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय नयी शिक्षा नीति के अनुरूप ढला हुआ है।

यहाँ हर क्षेत्र में विद्यालय अग्रणी रहा है चाहे खेलकूद हो, नृत्य हो या आर्ट एण्ड क्राफ्ट हो। अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्री प्राइमरी प्रभारी ऐनी मसीह ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा की। विद्यालय स्टाफ ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी और कनिका मोदी ने ग्रेजुएशन सेरेमनी की सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित की।



# आंध्र प्रदेश-डंपर से टकराकर बस में आग, 13 जिंदा जले

## 22 घायल; 3 घंटे में आग पर काबू पाया गया

नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई।

बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पहले पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत का आंकड़े में आफिशियल कंफर्मेशन दिया।

अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के स्क्क वी हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है।



# मध्यप्रदेश-सीएम के कार्यक्रम से लौट रही बस पलटी, 9 मौतें

## 30 से ज्यादा घायल; महिला और बच्चे का हाथ कटकर अलग, छिंदवाड़ा के पास हादसा

छिंदवाड़ा।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में ट्रक से टक्कर के बाद बस पलट गई। हादसे में दोनों गाड़ियों के ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा घायल हैं। एक महिला और एक बच्चे का हाथ कटकर अलग हो गया, कुछ के सिर फूटे हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा गुरुवार शाम करीब साढ़े 6 बजे उमरानाला इलाके में हुआ। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि बस में 41 लोग सवार थे। यह सौंसर में आयोजित एक कार्यक्रम से लौट रही थी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए थे।

**ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को पहुंचाया अस्पताल-** घायलों को 6 एम्बुलेंसों से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इसके लिए पुलिस ने हादसे की जगह से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया।

# बीस हजार की रिश्वत लेते कांस्टेबल व निजी व्यक्ति गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने कार्रवाई करते हुए अलवर जिले के कठूमर थाने में एक कांस्टेबल और एक निजी व्यक्ति को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि हेल्पलाइन 1064 पर मिली शिकायत के अनुसार परिवादी के रिश्तेदार के खिलाफदर्ज मुकदमे में मदद करने के नाम पर एएसआई नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल रामेश्वर सिंह और निजी व्यक्ति निरंजन सिंह द्वारा 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी। इस शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी जयपुर रेंज के उपमहानिरीक्षक अनिल कयाल के निर्देशन में भरतपुर इकाई ने जांच की। इसके बाद दौसा एसीबी के उप अधीक्षक पुलिस रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल रामेश्वर सिंह और निरंजन सिंह को परिवादी से 20 हजार रुपए लेते पकड़ा गया। बरामद राशि निजी व्यक्ति के पास से जब्त की गई। मामले में एएसआई नरेंद्र सिंह की गिरफ्तारी शेष है।

# गौसेवा कर संतों का आशीर्वाद लेकर स्टार एकेडमी ने मनाया स्थापना दिवस




सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल ने अपने 12 वें स्थापना दिवस पर श्रद्धापूर्वक व उत्साहपूर्ण गो-सेवा की। इस अवसर पर सम्पूर्ण विद्यालय परिवार झुंझुनू स्थित श्री गोपाल गौशाला पहुँच कर चंचलनाथ टीला पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज के सान्निध्य में गौ-पूजा के बाद सभी गायों को गुड़, फल, हरा चारा व हरी सब्जियाँ खिलाईं तथा निरंतर गो-सेवा का संकल्प लिया व गो माता की जय-जयकार की। इस अवसर एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण, एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटर विकास भालोठिया, कैप्टन मूलचंद झाझड़िया, संजय जाँगिड़, हरिश्चंद्र कालोईया, मुकेश कुमार, मुकेश तानेनिया, विजय भालोठिया, अमित, मुनेश कुमार, श्वेता शर्मा, प्रतिभा शर्मा, विक्रम सिंह, शिवकुमार पालीवाल, जितेंद्र स्वामी, दिव्या गुरह, कविता पूनिया, महेंद्र सिंह सिहाग, संजय गरवा, कपिल जाँगिड, महेंद्र सिंह बेनीवाल, प्रीतम रजक, नवीन सैनी, पवन कुमार, सैनीगल, पपीता कुल्हरी, कर्मसिंह, सोहन सिंह, महिमा शर्मा, अरुण कुमार, ज्योति सैनी, दीपिका कुमारी, नेहा अग्रवाल, अनिता कुमारी, सुमन कुमारी देवना, सीमा कंवर, नेहा शर्मा, कृष्ण धाकड़, मोनिका जांगिड़, रिंकू चौधरी, पिंकी जाँगिड़, सविता सैनी, सूरज, प्रहलाद सिंह, रिशु, आदि समस्त स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

# मोदी ईरान जंग पर आज मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे

## संसद में कहा था- आने वाला समय कोरोना जैसी परीक्षा लेगा, मिलकर काम करना होगा

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे। इसमें ईरान जंग के बाद बिगड़े हालात पर चर्चा संभव है। चुनावी राज्यों के सीएम इसमें शामिल नहीं होंगे।

मोदी ने 24 मार्च को राज्यसभा में कहा था कि ईरान जंग जारी रही तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। आने वाला समय कोरोनाकाल जैसी परीक्षा वाला होगा। केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा।

वहीं, सरकार ने आज देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी की खबरों को खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि दुनिया में कुछ भी हो जाए, भारत के पास 60 दिन का पेट्रोल, डीजल है।

सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही किल्लत की खबरों को प्रोपेगैंडा बताया है, जिसका मकसद बाजार में पैनिक बाइंग शुरू कराना है।

मंत्रालय ने कहा कि शॉर्टेज की अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्री अपने बेटों को सत्ता से दूर रखें, नहीं तो बेटे करवा देंगे सरकार की बदनामी : गहलोत

## विदेश मंत्री से माफी मांगने की बात भी कही

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बीजेपी नेताओं और मंत्री-विधायकों के बेटों को लेकर तंज कसते हुए सरकार को नसीहत दी है। भीम विधायक के बेटे के विवाद पर उन्होंने कहा कि मंत्रियों को अपने बेटों को सत्ता से दूर रखना चाहिए, वरना उनकी गतिविधियों से सरकार की छवि खराब हो सकती है।

साथ ही यूएस-ईरान शांति वार्ता में पाकिस्तान की मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्री एस.जयशंकर के बयान पर पलटवार करते हुए उनसे माफी मांगने की बात भी कही।



पूर्व सीएम गहलोत जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि मंत्रियों के परिवार पर आरोप लगता है, जबसे सरकार बनी है, तब से मंत्रियों के बेटों को तो पता नहीं कैसे प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

# बांग्लादेश में बस नदी में गिरी, 26 की मौत

## 6 लोगों की जान बचाई; बस को बड़ी नाव पर चढ़ाते समय हुआ हादसा

**ढाका।** बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले में हुए बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। यह हादसा तब हुआ जब यात्रियों से भरी बस दाउलतदिया घाट पर फेरी (बड़ी नाव) में चढ़ते समय पद्मा नदी में गिर गई। फायर सर्विस के मुताबिक, 23 शव बस के अंदर से निकाले गए, जिनमें 11 महिलाएं, 8 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं।

इसके अलावा 8 लोगों को जिंदा बचाया गया था, लेकिन उनमें से 3 लोगों की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। कुछ लोगों की तलाश जारी है। वहीं, 22 मृतकों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसा बुधवार शाम को हुआ। तब सिर्फ 2 लोगों की मौत की खबर आई थी। बांग्लादेश में बसों और गाड़ियों को नदी पार कराने के लिए फेरी का इस्तेमाल होता है।

## कोबरी-सार




# नीलकण्ठ डेयरी-स्वीट्स का शुभारम्भ, शुद्धता और गुणवत्ता का दिया संदेश

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के मंड्रेला रोड स्थित वर्षा टीटी कॉलेज के पास रामनवमी के पावन अवसर पर गुरुवार को नीलकण्ठ डेयरी एवं स्वीट्स का विधिवत शुभारंभ किया गया। पकोड़ी की ढाणी के महंत आकाश गिरि महाराज ने फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना कर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महंत आकाश गिरि महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि दूध, दही और पनीर जैसे दुग्ध उत्पाद न केवल पोषण का प्रमुख स्रोत हैं बल्कि समाज के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि दूध से निर्मित मिठाइयाँ स्वाद के साथ-साथ सुपाच्य एवं गुणकारी होती हैं, जो हर वर्ग के लोगों के लिए लाभदायक हैं। उन्होंने संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी व्यापार की सफलता का मूल मंत्र उसकी शुद्धता और गुणवत्ता में निहित होता है।

यदि व्यापारी अपने उत्पादों की गुणवत्ता और ग्राहकों के विश्वास को प्राथमिकता देता है, तो उसका व्यवसाय निश्चित रूप से प्रगति करता है। उन्होंने नीलकण्ठ डेयरी एवं स्वीट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संचालकों को ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही जिनमें पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राकेश सहल, पूर्व प्राचार्य बाबूलाल शर्मा, ओमप्रकाश पारीक, शिव आनंद शर्मा, रतनलाल पारीक, सुरेंद्र पारीक, रणवीर सिंह, मुकेश रोहिला, मनोज सैनी, कृष्णानंद शर्मा सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने नए प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दीं और इसके सफल संचालन की कामना की। उद्घाटन अवसर पर स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने प्रतिष्ठान के उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की और भविष्य में बेहतर सेवाओं की उम्मीद जताई।



## अष्टमी मनाई, महानवमी आज



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** चैत्र नवरात्र महोत्सव में गुरुवार को अष्टमी मनाई गई। अष्टमी पर घरों में कन्याओं की देवी रूप में पूजा की गई। पूजा के लिए खीर, हलवा, पूड़ी पकवान बनाए गए। नवरात्रा कर रहे श्रद्धालुओं ने पहले घरों में माता की ज्योत देख आरती कर कन्याओं का पूजन कर भोजन करवाया। नवरात्रि के नौ दिनों में देवी मां के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की गई। अष्टमी को महागौरी का पूजन किया गया व शुक्रवार को नवमी को सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा व नवमी की धोक के साथ नवरात्रा महोत्सव का समापन होगा।

## साई बाबा का भण्डारा आयोजित

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में स्थित साई मंदिर में गुरूवार को रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर साई बाबा का भंडारे का आयोजन किया गया। केसीसी कार्यपाल निदेशक जीडी गुप्ता, महाप्रबंधक एस शिवदर्शी, मनीष गवई की मुख्य यजमानी में साई भक्त दीपू एवं विमल शर्मा ने विधिवत रूप से साई बाबा का अभिषेक कर बाबा, हवन, पूजन व आरती के साथ बाबा के प्रसाद का भोग लगा कर विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर रमेश बारी, गोरूराम चावला, आनंद शर्मा, राजेश डाढेल, सतीश, विकास शर्मा, प्रीतम, पंडित सुमन तिवाड़ी, विजय लक्ष्मी सहीत सैंकड़ों भक्तों ने सहयोग किया।

## राम चरित्र मानस पाठ का समापन



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर में चल रही तीन दिवसीय राम चरित्र मानस पाठ गुरूवार को पूर्णाहूति, हवन और रामायण आरती के साथ सपंन्न हुआ। सुभाष शर्मा, चंदा देवी, महेश सिंघानिया, सीताराम, लक्ष्मी देवी, घीसाराम, कमला देवी, केपी भार्गव, राजू देवी की मुख्य यजमानी में पंडित कैलाश शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करवा कर पूर्णाहूति, हवन और रामायण की आरती करवा कर हवन में प्रसाद का भोग लगाकर राम चरित्र मानस पाठ संपन्न करवाया। इससे पूर्व कथा वाचन सुभाष शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम ने संसार को एकता व भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही मोक्ष की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने सत्य की राह को चुना और आदर्श स्थापित किया। इस दौरान अभयसिंह हिन्दुस्तानी, रामौतार बंसल, संतोष देवी, पुरूषोत्तम, ममता, सुमित्रा चौधरी, रघूवीर शर्मा सहित अनेक श्रद्धालूओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## रामनवनी पर उमड़ीं भक्तो की भीड़




निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के पावन पर्व रामनवमी के पावन अवसर पर लाहोटी चौक स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर प्रांगण में रामभक्तों द्वारा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में सामूहिक रूप से विशेष पूजा अर्चना पंडित जगदीश महाराज द्वारा करवाई गई व पुष्प वर्षा की गई व हनुमाम चालीसा के पाठ व रामस्तुति कर महाआरती की गई व सवामणी का भोग श्रीराम दरबार मे लगाया गया ततपश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर, पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सीताराम पंचारिया, विकासमंच अध्यक्ष ललित झंवर, लाहोटी, किशनलाल लाहोटी, माहेश्वरी सभा अध्यक्ष भंवरलाल बाहेती, अंकित तोषनीवाल, देवकिशन चाण्डक, बजरंग सुथार, जेठाराम कुमावत, प्रमोद पंचारिया, नारायणसिंह राजपुरोहित, रवि रँगा, राजू दिलोईया, भगवानाराम सुथार, हंसराज खारा, मूलाराम उपाध्याय, हरिकिशन डागा, जेठमल लाहोटी, देव राठी, पवन राठी, दीपक, पालीवाल, राधेश्याम जोशी, नन्दू लाहोटी, अजय महाराज सहित रामभक्त व मातृशक्ति उपस्थित रही।

## रामनवमी पर दिया कुमारी ने सिटी पैलेस में की पूजा-अर्चना

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनवमी के पावन अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिटी पैलेस स्थित सीताराम जी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए सभी के जीवन में खुशहाली, सद्भाव और उन्नति का आशीर्वाद मांगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी का पर्व हमें धर्म, सत्य और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों को इस पावन अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

# डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच जारी

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार दो मुकाबले बड़े रोमाचंक हुए। पहला मुकाबला मीडिया व एचसीएल केसीसी के बीच खेला गया जिसमें मीडिया ने एचसीएल केसीसी को ग्यारह रनों से दूसरा मुकाबला पुलिस व वेटनरी के बीच खेला गया, पुलिस ने वेटनरी की टीम को 23 रनों से हरा कर अगले दौर में प्रवेश किया। एसडीएम सुनील चौहान ने बताया कि केसीसी के नेहरू मैदान में स्वामी विवेकानंद इंटर डिपार्मेंट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है। बुधवार शाम को केसीसी के नेहरू मैदान में केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता ने मीडिया एवं एचसीएल केसीसी की टीम के खिलाड़ियों से परिचय कर तीसरे दिन की प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का छठा मुकाबला मीडिया व एचसीएल केसीसी के बीच खेला गया। मीडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विनय ने 27 गेंदों तीन छक्के व छह चौकों के साथ 51 रनों के योगदान से निर्धारित 15 ओवर में छह विकेट के नुसान पर 133 रन बनाएं, जवाब में एचसीएल केसीसी आठ विकेट के नुकसान पर 122 रन ही बना पाई, मीडिया की टीम ने 11 रनों से मैच जीत लिया। मीडिया के जतीन जांगिड़, मुकेश सैनी व मंजीत ने दो-दो विकेट लिए। मीडिया के विनय को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सातवां मुकाबला पुलिस एवं वेटनरी की टीम के बीच खेला गया। पुलिस की टीम ने पहले बलेबाजी करते हुए 157 रन बनाकर आउट हो गई, पुलिस टीम की तरफ से महेश सैनी ने मात्र 16 गेंदों में तीन छक्के एवं पांच चौके लगाते हुए 42 रन बना कर आऊट हुए। जवाब में वेटनरी टीम आठ विकेट के नुकसान पर 134 रन ही बना पाई पुलिस टीम के कप्तान डीएसपी जुल्फीकार अली ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए संदीप कुमार ने दो विकेट लेते हुए टीम को 23 रनों से मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। डीएसपी जुल्फीकार अली को तीन विकेट व 15 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। अतिथियों ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने बताया कि शुक्रवार से क्वार्टर फाईनल मुकाबले शुरू होंगे। प्रतियोगिता का समापन 30 मार्च को होगा। प्रतियोगिता का आनंद आस-पास गांव के सैंकड़ों दर्शक मैदान में देर रात तक डटे रहते है। इस मौके पर एसडीएम सुनील चौहान, केसीसी महाप्रबंधक एस शिवदर्शी, मनीष गवई, डीएसपी जुल्फीकार अली, तहसीलदार सुनील मील, समाजसेवी हरीराम गुर्जर, बबलू अवाना, बीसीएमओ डॉ हरीश यादव, डॉ प्रवीण शर्मा, बुहाना प्रधान हरीकिशन यादव, सिंघाना नगरपालिका अध्यक्ष विजय पांडे, निकेश पारीक, निखिल शर्मा आदि मौजूद थे।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** हाल ही में जारी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं के परीक्षा परिणाम में मनिन्द्र स्कूल चनाना के छात्र यशवंत पुत्र केशर सिंह ने 98.17 प्रतिशत अंक हासिल कर चनाना क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में योगेन्द्र पुत्र केशर सिंह 97.83, भावना पुत्री महेश कुमार 97.17, कनिष्का पुत्री शैलेन्द्र कुमार 96.33, खुशी पुत्री केशरदेव 96, अंकित कुमार पुत्र सुनिल कुमार 93.83, अनुज पुत्री सुमेर सिंह 93.33, भूमिका पुत्री चिरंजी लाल 92.67, निशांत पुत्र वीर सिंह 92.50, दीपक कुमार पुत्र मोहन लाल 91.83, वंश कुमार पुत्र मुकेश कुमार 91.67, सुनिल कुमार पुत्र तुलीराम ने 90.50 प्रतिशत अंक हासिल कर चनाना क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर रहे। मनिन्द्र स्कूल चनाना का हिन्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यम में परीक्षा परिणाम टॉप पर रहा। इस मौके पर विद्यालय डायरेक्टर कुलदीप सिंह धींवा, रजनी चौधरी जिन्होनें प्रतिभावान छात्रों का सम्मान कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी व अभिभावकों का माला पहना कर सम्मान कर बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ में कुलदीप मील, सियाराम शर्मा, अमित जांगिड़, नौरंग लाल सोनी, शीशराम मेहरड़ा, हरकेश महला, समदर सिंह, अशोक कुमावत, अशोक गजराज, बलबीर सिंह, बहादुर सिंह, पवन कुमार, विक्रम कुल्हरिया, गंगाराम, सत्येन्द्र, दर्शन योगी, वासुदेव शर्मा, उषा, प्रमोद भास्कर, सोनम खींची, प्रिती, कविता, गुड्डू शर्मा, प्रिंसी, रविना, ज्योति, सपना मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूल की छात्रा ने मारी बाजी

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में बास बिजौली सरकारी स्कूल की छात्रा अपर्णा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल व गांव का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भुपेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि अपर्णा ने खेलों के इतिहास में भी राज्य में परचम लहराते हुए इस होनहार छात्रा ने राजस्थान फुटबॉल टीम के कप्तान के रूप में प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बास बिजौली स्कूल का नाम रोशन किया था। स्कूल का पांचवी व आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहने पर बास बिजौली व अमरसिंहपुरा गाँव में खुशी की लहर है। इस अवसर पर अखिल भारतीय हिन्दू महा सभा के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़ ने अर्पणा व सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## त्रिशला पब्लिक स्कूल ने किया होनहारों का सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में त्रिशला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 10 के छात्र मलय सोमानी ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सचिन सिंह ने 89 प्रतिशत, वेदिका शर्मा ने 75.33 प्रतिशत, चार्वी कुमारी ने 67.17 प्रतिशत तथा सक्षम शेखावत ने 66.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। परिणाम घोषित होने के पश्चात विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। निदेशक आनन्द सिंह शेखावत, प्रधानाचार्या जुगल कँवर, प्रशासक निधि शर्मा तथा शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षक शीतल ओझा एवं कंचन वर्मा ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कक्षा पांच व आठ में उत्कृष्ट अंक लाने वाले होनहार विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। निदेशक आनन्द सिंह शेखावत ने कहा सफलता का यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का प्रतीक है। हमें विश्वास है कि ये बच्चे भविष्य में और भी ऊँचाइयाँ छुएँगे। प्रधानाचार्या जुगल कँवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल शुरुआत है निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास ही आपको लक्ष्य तक पहुँचाएगा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक दीपक शर्मा, जयश्री जांगिड़, कुसुम टेलर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## प्रतिभावान छात्राओं का किया सम्मान

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मेहाड़ा की देवनारायण राबा आवासीय स्कूल में प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा जसनाथ महाराज ने की। मुख्य अतिथि स्कूल टॉपर वंशिका की मां सरोज देवी थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में नांगलिया गुजरवास सरपंच प्रकाश अवाना, नाहर सिंह गुर्जर, पूर्व प्रधान मदनलाल गुर्जर, भाई दयाराम मौजूद थे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। बाबा जसनाथ महाराज ने कहा कि सरकारी स्कूलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है सिर्फ उन्हे तरासने की आवश्यकता है, यह स्कूल की प्रधानाचार्य ने सिद्ध करके दिखा दिया। प्रधानार्चा विद्या रोहिताश्व ने बताया कि स्कूल की छात्रा वंशिका सैनी ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खेतड़ी उपखंड क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार युविका व शिक्षा ने संयुक्त रूप से 96.50, करिश्मा गुर्जर 96.33, अंजली एवं शीतल ने संयुक्त रूप से 95.83, मिनाक्षी गुर्जर 95.67, रिशिका ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि 15 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए साथ ही 39 छात्राओं में से 37 छात्राएं गार्गी पुरुस्कार के लिए चयनित हुई। छात्राओं एवं अभिभावकों ने परीक्षा परिणाम का श्रेय स्टॉफ व विद्यालय की प्रधानाचार्य विद्या रोहिताश्व को दिया। छात्राओं ने बताया कि प्रधानाचार्य दिन-रात उनके साथ रहकर उनका ध्यान रखा जिसका नतीजा इस मुकाम तक पहुंची। उपप्राचार्य सुनिल ढीकवाल ने बताया कि प्रधानाचार्या ने उन्हें गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जिससे शिक्षण कार्य को अंजाम दिया। अतिथियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ परिणाम देने वाली छात्राओं को साफा, माला पहना कर एवं प्रतिक चिह्न देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर मनोज बखड़िया, दलिप कटेवा, रोहिताश्व, ऋतुसिंह, भरत बाबू, अस्मिता, सोनम देवी, सुभाष गुर्जर, जगदीश प्रसाद, विक्रमसिंह, उम्मेद सिंह, मदनसिंह गुर्जर, मुकेश कुमार, बलबीर गुर्जर, धर्मपाल, नितिन सहित स्कूल स्टॉफ, अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## पुरुष एकल गायन प्रतियोगिता अब 23 अप्रैल को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा 27 मार्च को चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में होने वाली पुरुष एकल गायन द्वितीय प्रतियोगिता का आयोजन बहुत कम प्रविष्टियां आने के कारण अब 23 अप्रैल को किया जायेगा। इस नि:शुल्क प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाये गए है पहला ग्रुप अ जिसमें 18 वर्ष तक के लड़के/युवा भाग ले सकते है, दूसरा ग्रुप ब में 18 वर्ष से उपर के लड़के/पुरुष भाग ले सकते है। इस प्रतियोगिता के प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव फ्रेंक्लिन, प्रोजेक्ट को-चेयरमैन सुरेश कुमार चोटिया व सागर मल शर्मा बनाये गए है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट तथा दोनों वर्गों के विजेता व उपविजेताओ को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जायेगा।

## राइट टू हेल्थ ठंडे बस्ते में : सरकार पर कांग्रेस ने लगाया आरोप

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य सरकार पर स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के आधे कार्यकाल के बावजूद प्रदेश की 8 करोड़ जनता के स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासन में नि:शुल्क दवा व जांच योजना, 25 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज और राइट टू हेल्थ जैसे कदम उठाए गए थे, जिससे राजस्थान स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी बना। उनके अनुसार वर्तमान सरकार ने इन योजनाओं को कमजोर किया है और राइट टू हेल्थ कानून को लागू करने में कोई ठोस पहल नहीं की। डॉ. शर्मा ने एसएमएस अस्पताल के 24 मंजिला आईपीडी टावर और सांगानेरी गेट स्थित महिला अस्पताल के निर्माण कार्य में देरी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पूर्व सरकार द्वारा शुरू परियोजनाएं अभी तक पूरी नहीं हो सकी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 33 में से 30 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले, लेकिन वर्तमान सरकार नए जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रही है। आरजीएचएस योजना को लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि बजट की कमी और बकाया भुगतान के कारण योजना प्रभावित हो रही है। साथ ही निजी अस्पतालों द्वारा इलाज बंद करने की चेतावनी भी दी जा रही है।

उन्होंने एमआरआई सेवाओं, स्टाफ की कमी, हीलियम आपूर्ति और जिला अस्पतालों की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार को स्पष्ट कार्य योजना बतानी चाहिए।

## राम जन्मोत्सव पर भक्ति रस में डूबा आदर्श नगर राम मंदिर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आदर्श नगर स्थित श्री राम मंदिर में गुरुवार को रामनवमी महोत्सव अत्यंत श्रद्धाकृ भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी और पूरा वातावरण जय श्री राम के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। महोत्सव की शुरुआत भगवान श्री राम की नित्य मंगला आरती से हुई। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत हवन का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्री श्याम जी रामायणी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का भावपूर्ण पाठ किया गया। श्रद्धालुओं ने साथ साथ पाठ किया। मध्यान्ह 12 बजे भगवान श्री राम के प्राकट्य उत्सव पर विशेष आरती की गई। इससे पूर्व पंडित बनवारी लाल शर्मा ने विधि-विधान से पंचामृत अभिषेक कराया। इसके बाद भगवान को पीत एवं गुलाबी रंग की आकर्षक पोशाक धारण कराई गई और ऋतु पुष्पों से मोहक श्रृंगार किया गया। सजे-धजे मंदिर की छटा देखते ही बन रही थी। महिला मंडल द्वारा भक्ति गीतों और बधाई गानों की प्रस्तुति ने माहौल को और भी भावविभोर कर दिया। पलकें ही पलकें बिछाएंगे, आज राम जी घर आएंगे जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा परिसर भक्ति रस में डूब गया। मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरचरण लेकर ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और श्रद्धालुओं ने अनुशासन पूर्वक प्रसाद का आनंद लिया। महोत्सव के सफल आयोजन में मंदिर प्रन्यास के पदाधिकारियों, महिला मंडल, युवा साथियों और श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

## काव्य प्रेमियों के लिए 28 को सजेगी सम्मुख की शाम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी के साहित्यिक गलियारों में एक बार फिर कविता-गजल की गूँज सुनाई देगी। आगामी 28 मार्च शनिवार को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफराजस्थान जयपुर में काव्य समारोह सम्मुख का आयोजन किया जा रहा है। इस साहित्यिक संध्या में देश के जाने-माने युवा कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले डॉ. बकुल देव, अपनी ओजस्वी वाणी और गंभीर दार्शनिक रचनाओं के लिए विख्यात है। महबूब अली महबूब, जो अपनी मखमली गजलों और जज्बाती कलाम से शाम को यादगार बनाएंगे। कृष गौड़ जज्बात, युवा हृदय की धड़कन और समकालीन विषयों पर अपनी पैनी पकड़ रखने वाले कवि है। सम्मुख का उद्देश्य साहित्य के विभिन्न विधाओं को एक ही मंच पर लाना है। यह आयोजन न केवल अनुभवी साहित्यकारों बल्कि युवा कविता प्रेमियों के लिए भी एक अनूठा अनुभव साबित होगा। इस कार्यक्रम में प्रवेश आमंत्रण पत्र से है। जयपुर के समस्त साहित्य प्रेमियों को इस बौद्धिक और सांस्कृतिक उत्सव में सहभागी बनने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है। सम्मुख का आयोजन ग्रासरूट मीडिया द्वारा पिछले समय से राजस्थान फोरम के सहयोग से किया जा रहा है।

इसमें राजस्थान के अलावा भारत के अन्य हिस्सों से भी कवि भाग ले चुके हैं।

# जयपुर रनर्स क्लब के दीपक शर्मा बने अध्यक्ष

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** बदलती जीवनशैली के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति बढ़ती जागरूकता के चलते रनिंग को बढ़ावा देने वाले जयपुर रनर्स क्लब ने वर्ष 2026-28 के लिए नई नेतृत्व टीम की घोषणा की है। क्लब के अध्यक्ष पद पर दीपक शर्मा को नियुक्त किया गया है, जो आगामी दो वर्षों तक क्लब का नेतृत्व करेंगे। क्लब की ओर से जारी जानकारी के अनुसार नई गवर्निंग काउंसिल का गठन भी किया गया है, जिसमें प्रवीण तिजारिया, रवि गोयनका और मुकेश मिश्रा शामिल हैं। यह काउंसिल नीतिगत निर्णय लेने के साथ नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया का नेतृत्व करेगी। क्लब ने प्रशिक्षण को मजबूत बनाने के लिए रनिंग एकेडमी की शुरुआत की है। इसके तहत सेंट्रल पार्क, मालवीय नगर, निर्माण नगर और विद्याधर नगर में चार नए कोच नियुक्त किए गए हैं। इनमें मोहनीश, आकांक्षा सिंह, अरविंद सिंह, राजेश चौधरी और दिनेश चौधरी शामिल हैं, जो धावकों को पेशेवर प्रशिक्षण देंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि उनका लक्ष्य क्लब को फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। जयपुर रनर्स क्लब लंबे समय से शहर में रनिंग संस्कृति को बढ़ावा देने और फिटनेस इवेंट्स के आयोजन के लिए जाना जाता है।

# आज निकाली जाएगी रामनवमी शोभायात्रा



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ के श्री ताल वाले बालाजी मंदिर में सर्व सनातन समाज द्वारा आयोजित कथा के अष्टम दिवस संत सीताराम महाराज ने 27 मार्च रामनवमी को कथा स्थल ताल वाले बालाजी मंदिर से सायं 4 बजे निकलने वाली शोभा यात्रा में शामिल होने हेतु आह्वान किया। व्यास पीठ से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि-सर्व समाज के स्नेह और एकता के प्रतीक इस आयोजन के लिए शोभा यात्रा में श्राम सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें भाग लेने वाले बालक-बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ सभी प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर 1000 ध्वजों की विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। पुजारी परिवार के राकेश इंदौरिया, धनराज इंदौरिया व गोपीकृष्ण इंदौरिया ने सभी सनातन प्रेमियों से इस शोभा यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया। अष्टम दिवस की कथा में यजमान के रूप में गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति, नामदेव सेवा समिति, सिंधी समाज, गुर्जर समाज, मेघवाल समाज के प्रतिनिधियों ने व्यास पीठ की पूजा की। इस अवसर पर जयप्रकाश ताम्रायत, हेमंत ताम्रायत, डॉक्टर जिज्ञासा ताम्रायत, नंदकिशोर ताम्रायत, सुरेन्द्र हरित, मनोहर चौमाल, पवन पचलंगिया, धीरेन्द्र शर्मा, विशेष मिश्रा, प्रांजल मिश्रा, गंगाराम गजरा, दिलीप सिंधी, रमेश सिंधी, राजेश भावनानी, सुरेश सिंधी, सुदामा सिंधी, मनीष चीनियां, दिलीप टोलांबिया, गायत्री तोलंबिया, कलावती देवी आदि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 42 घरेलू गैस सिलेंडर व 32 डायरी जब्त



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम सिमसिया बिदावतान में चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिला रसद टीम ने घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 42 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 32 डायरी जब्त की। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम, चूरू से प्राप्त शिकायत के आधार पर क्षेत्र तहसील के ग्राम सिमसिया बिदावतान स्थित एक लिखमीचन्द पुत्र ईश्वरराम के घर के 42 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए तथा मौके पर ही 32 घरेल गैस डायरी बरामद की। इसी के साथ प्लास्टिक बोतलों में भरा 20 लीटर पेट्रोल भी जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार इन सिलेण्डरों को उंचे दामों पर शादी-विवाह आदि में देने के लिए इकट्ठा किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार शादी-विवाह वालों को ही सिलेंडर बिक्री कर 2 हजार से 4000 रूपये प्रति सिलेंडर के हिसाब से बेचना पाया गया हैस लिखमीचंद ई.मित्र संचालक भी है। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, आशा कंवर आदि शामिल रहे।

# चाचा भतीजे ने गौशाला में दिए 2 लाख 35 हजार रुपए

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** क्षेत्र में गोसेवा के प्रति लोगों की आस्था लगातार मजबूत होती जा रही है। इसी कड़ी में चाचा प्रभुदयाल पुत्र मोहनलाल बुगालिया ने पं गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला के लिए 1.14 लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया, वहीं भतीजे अंकित पुत्र रामकुमार ने भी 1.21 लाख रुपए की राशि भेंट कर सराहनीय योगदान दिया। लेखाधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि इस राशि का उपयोग पानी की खेळी बनाने व ठान बनाने के लिए किया गया। गोशाला समिति ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से गोवंश की सेवा और देखभाल में काफी मदद मिलेगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि गोशाला में निरंतर पशुओं के चारे, पानी और चिकित्सा की व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिसमें समाज के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस अवसर पर मौजूद ग्रामीणों ने भी दानदाताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं।

# सरकारी विद्यालयों में बेहतर संसाधनों के साथ मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : शर्मा

निसं




**पिलानी (नवयत्न)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2026 के 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झेरली के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर उत्साहवर्धन किया गया। इस वर्ष भावना पुत्री समर्थसिंह ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं तपस्या ने 86 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा पूजा ने 82.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफको बधाई देते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में भी बेहतर संसाधनों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि नियमित उपस्थिति, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकारी स्कूल अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और लगन से बड़े लक्ष्य हासिल कर रहे हैं।

जरूरत है तो सिर्फ विश्वास, निरंतर प्रयास और सही दिशा में मेहनत की। कार्यक्रम में अभिभावक समर्थसिंह, शीशराम, रमेश सहित विद्यालय स्टाफ के संजीव कुमार, मंजू कुमारी, अमरसिंह, इंदिरा, सुनील कुमार, अशोक कुमार, शकुंतला देवी, विजय, अनुसूइया, नेहल, सुनीता शर्मा, करणी सिंह, कविता बालान व प्रदीप उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### तोड़ी गई सड़कों को दुरूस्त करवाने की मांग

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक ज्ञापन कॉमरेड जगदीश नाथ ने भेजकर आपणी योजना के तहत तोड़ी गई सड़कों को वापस दुरूस्त करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगरपरिषद के अधीन सड़कों को आपणी याजना के कार्य में तोड़ा गया। जिसकी मौखिक व लिखित शिकायत दर्ज करवाने के बावजूद भी जलदाय विभाग समस्या का समाधान नहीं करवा रहा है। जबकि तोड़ी गई सड़कों के पेचवर्क के नाम पर बिल बनाकर भुगतान उठाने का काम किया जा रहा है। अत: मामले की जांच करवाकर दोषियों पर कार्यवाही की जावे और तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत की जावे।

# 9 से 17 अप्रैल तक होंगे धार्मिक कार्यक्रम



निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** श्री हंसों जी गोपाल गौशाला ट्रस्ट के तत्वावधान में गांव लिखमादेसर में 9 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। आयोजन में कथा व्यास के रूप में श्रीमद् दंडी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ऋषिकेश अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को राम कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन समिति के अनुसार कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1:15 बजे से शाम 5:15 बजे तक रहेगा। आयोजक पूनमचंद तिवाड़ी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 9 अप्रैल को सुबह सवा 8 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी जो श्री हंसों जी महाराज मंदिर से कथा स्थल श्री गुरु श्री हंसों जी धाम तक निकाली जाएगी। कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिसमें राम जन्म, सीता विवाह, वनगमन, केवट प्रसंग, भरत मिलाप, रावण वध सहित कई महत्वपूर्ण प्रसंग शामिल हैं। वही कथा से जुड़े हुए दुर्गाराम पारीक ने बताया कि 17 अप्रैल को पूर्णाहुति हवन के साथ कथा का समापन होगा। इसी दिन रात्रि में जसनाथ महाराज का जम्मा एवं अग्नि नृत्य भी आयोजित किया जाएगा, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। वही तरुण पारीक ने बताया कि आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से भी किया जाएगा। इस आयोजन में तिवाड़ी परिवार सहित समस्त ग्रामवासी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं, जिससे कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जा रहा है।

# रामनवमी पर निकली शोभायात्रा में अर्थ सहित हनुमान चालीसा का वितरण

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** रामनवमी के पावन अवसर पर सूरजपोल मंडी से चांदपोल स्थित श्री रामचंद्र जी मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति भाव के साथ भाग लिया। पूरे मार्ग पर श्रद्धा और धार्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस शोभायात्रा के दौरान श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बीच अर्थ सहित हनुमान चालीसा की पुस्तकों का वितरण किया गया। यह पहल समिति के हर घर में हो अर्थ सहित हनुमान चालीसा अभियान के तहत की गई, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसका संदेश और भावार्थ पहुंच सके। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व संत अमरनाथ महाराज ने श्रद्धालुओं को श्री भन्दे बालाजी धाम से लाए गए विशेष सिन्दूर का तिलक लगाया, जिसे श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ ग्रहण किया। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर रुक-रुक कर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी किए गए। संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने एक स्वर में पाठ कर भक्ति और एकता का परिचय दिया। जयकारों और भक्ति गीतों के साथ निकली इस शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

### खेत के विवाद को लेकर महिला के साथ मारपीट

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय सदर पुलिस को मलसीसर गांव की निवासी पुष्पा पत्नी ताराचंद ने मुकदमा दर्ज करवाकर बताया है कि मैं मेरे नाबालिग पुत्र अमित के साथ खेत जा रही थी। तभी मेरे खेत के बाहर सड़क की तरफ मनीषा, पूजा, मंजू, प्रतापसिंह, भवानीसिंह मुझे जान से मारने के ईरादे से खड़े थे। पहुंचते ही मेरे साथ आरोपियों ने गाली गलौच किया। समझाने पर उन्होंने कहा कि तेरे पति ने कोर्ट मुकदमा कर रखा है, वो उठा लो और खेत हमें दे दो, वरना जान से मार देंगे। फिर मनीषा व अन्य लोगों ने मुझे नीचे गिरा दिया और थाप, मुक्कों व लाठियों से मारपीट करने लगे। इस घटना का मेरे नाबालिग पुत्र ने वीडियो बनाया तो मंजू ने मेरे पुत्र को भी लाठी से मारा। जब मैं चिल्लाई, तो राहगीरों के दकालने पर आरोपियों ने मुझे छोड़ा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षा से बनता है जीवन सफल, सुंदर और सरल : मीणा



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय एक्सीलैंस पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक बी एल गोठड़िया ने की। मुख्य अतिथि दुलाराम प्रजापत, विशिष्ट अतिथि धर्मसिंह मीणा ने कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मोहित प्रजापत 97.83, वंश प्रजापत 96 प्रतिशत, तेजसिंह 95 प्रतिशत का सम्मान किया। इसी प्रकार कक्षा आठ व पांच में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। निदेशक बीएल गोठडिया ने कहा कि समस्त स्टाफ की मेहनत के चलते संस्था का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। धर्मसिंह मीणा ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही अपना और दूसरों की जीवन सफल, सरल और सुंदर बना सकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय मंडार, रामगोपाल प्रजापत, महावीर प्रजापत, गोरधनसिंह, दुर्गाराम का भी साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शंकरलाल, आशीष, गोविन्द प्रजापत, सांवरमल, सुशीला, प्रियंका, नेहा, पिंकी, पलक, भारती सोनी, शीतल, हरिकेश बाकोलिया, शान्ति देवी, घनश्याम स्वामी, रामदेव प्रजापत सहित अनेक अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शंकरलाल व संजय मंडार ने किया।

# रामनवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शहर के रूपया वाला बालाजी मंदिर में महंत जुगल किशोर दास महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं द्वारा रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर में गर्भगृह में विराजमान बालाजी एवं राम जी महाराज की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। रामनवमी के अवसर पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के आवागमन का सिलसिला शुरू हुआ, जो शाम तक अनवरत जारी रहा। महंत जुगल किशोर दास महाराज द्वारा दोपहर में बालाजी एवं राम जी की विशेष पूजा एवं आरती की गई। इस दौरान अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।




# अनुशासन ही सफलता की प्रथम सीढ़ी : महर्षि

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती ग्राम सारोठिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार महर्षि ने मेगा पीटीएम बैठक में विद्यार्थियों को समय पाबंदी की महता बताते हुए अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करके अपने जीवन में धैर्य रखते हुए सफलता के शिखर पर पहुंचने की अपील की। उन्होंने अभिभावकों को भी बच्चों के सकारात्मक सहयोग करने की अपील की। स्टाफ सचिव पूसाराम स्वामी ने बताया कि विद्यालय में आयोजित मेगा पीटीएम कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने सत्र 2025-26 की कक्षा 9 की 17 छात्राओं को साइकिलें वितरित की। कार्यक्रम में संस्था प्रधान पप्पूराम मीना, गोपाल लाल यादव ने महर्षि का माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

लाडो योजना व कोड योगी योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने हेतु प्रेरित करने पर बल दिया। नये सत्र में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर नामांकन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर व्याख्याता लिछमणराम गोदारा, रामलाल कांसोटिया, सतपाल सिंह मीणा, सोहनलाल, दलीप सिंह राठौड़, दामोदर शर्मा, राजकुमारी, जीवनदान देवल, हरजीराम कताला आदि मौजूद रहे। संचालन पूसाराम स्वामी ने किया।

# जयपुर में हिमालयन काले भालुओं की नई जोड़ी आकर्षण का केंद्र

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नाहरगढ़ जैविक उद्यान, जयपुर में पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण जुड़ गया है। जम्मू जम्मू एवं कश्मीर से लाए गए एक नर एवं एक मादा हिमालयन काले भालू को आज आमजन के अवलोकन हेतु प्रदर्शित किया गया। वन-पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान सरकार के मंत्री संजय शर्मा ने गुरुवार एनक्लोजर के डिस्प्ले एरिया का फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया। इसके साथ ही दोनों भालुओं को पर्यटकों के लिए खोला गया। उद्यान प्रशासन के अनुसार नर भालू की आयु लगभग 30 माह तथा मादा भालू की आयु लगभग 21 माह है। मंत्री ने नर भालू का नाम हरि और मादा भालू का नाम कमला रखा। इस अवसर पर बाघ शिवाजी एवं बाघिन रानी के पांच शावकों का नामकरण भी किया गया। नर शावकों के नाम सूर्या, शौर्य और श्विजय जबकि मादा शावकों के नाम अम्बे और श्रृंदा रखे गए। कार्यक्रम के अंत में मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने जैविक उद्यान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख पवन कुमार उपाध्याय तथा मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के.सी.ए. वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गंदा काला कीचड़ पसरा सड़कों पर, जनता परेशान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शहर की सफाई व्यवस्था व गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था को देखते हुए लगता है जैसे जनता लावारिस हो गई है और सुनवाई करने के लिए किसी के पास वक्त नहीं है। जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी जन समस्याओं का समय पर समाधान कर जनता को राहत प्रदान करना तो जैसे भूल ही गए हैं। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला संयुक्त सचिव कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने बताया कि 3 फरवरी 2026 को अतिरिक्त जिला कलेक्टर संतोष कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करवाने के लिए अवगत करवाया था कि बाइपास रोड पर स्थित तीन नंबर रेल फाटक के सामने कीचड़ भरने की समस्या विद्यमान है। फिर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में 27 फरवरी को उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाया था जिसमें नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ वार्ता भी हुई लेकिन आज भी समस्या जस की तस पड़ी है और प्रशासन की अनदेखी के कारण पैदल राहगीर, बच्चे और वाहन चालक दिनभर इस गंदे पानी से निकलते हैं। रामनवमी के दिन कई विवाह शादी समारोह होने के कारण सुजानगढ़ शहर से गुजरने वाले लोगों को कहीं ना कहीं इस गंदे पानी से सामना करना पड़ा। सरकारी कार्यों में छुट्टी होने के कारण समस्या का समाधान भी नहीं हो पाया। दूसरी ओर रामनारायण रूलाणिया ने कहा है कि प्रशासन जल्द से जल्द इसका समाधान करे वरना जनता के साथ मिलकर आन्दोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## सम्पादकीय

# नाकाम प्रस्ताव



अमेरिका की ओर से आगे बढ़ाए गए युद्धविराम के प्रस्ताव का ईरान ने जिस तरह उपहास उड़ाया, उससे लगता नहीं कि दोनों देशों के बीच कोई सार्थक बातचीत होने वाली है। अमेरिका ने जिस तरह 15 सूत्रीय युद्ध विराम प्रस्ताव रखा, उससे उसका गैर कूटनीतिक रवैया ही प्रकट होता है।

ऐसा लगता है कि यह पेशकश बिना किसी विश्वसनीय एवं जिम्मेदार मध्यस्थ के ही कर दी गई और ऐसा करने के पहले ईरान के इरादों को टटोलने की भी जरूरत नहीं समझी गई। इसका प्रमाण यह भी है कि ईरान ने भी अपनी ओर से पांच शर्तें रख दीं। इसका मतलब है कि दोनों पक्षों में कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष बात नहीं हो रही है।

क्या यह विचित्र नहीं कि अमेरिकी प्रस्ताव पर एक नहीं, तीन-तीन देश मध्यस्थ की भूमिका निभाने का दावा कर रहे हैं? यह पहली बार नहीं, जब अमेरिका ने पश्चिम एशिया संकट के समाधान के मामले में अगंभीर रवैये का परिचय दिया हो। इसके पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से सार्थक बातचीत का हवाला देते हुए पांच दिनों तक उसके बिजली संयंत्रों और ऊर्जा ठिकानों पर हमले टालने की घोषणा की थी। अमेरिका की ओर से इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोलने के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से किए गए विरोधीभासी दावे उनके स्वभाव के अनुरूप अवश्य रहे, लेकिन उनसे वे एक किंकर्तव्यविमूढ़ राष्ट्रपति ही अधिक दिखे।

कभी-कभी तो यह भी लगा कि ट्रंप इस ताक में हैं कि किसी तरह अपनी जीत की घोषणा करके युद्ध से बाहर निकल आएं। सच जो भी हो, वे अपनी विश्वसनीयता खोते जा रहे हैं। आखिर ऐसे राष्ट्रपति पर कौन भरोसा करेगा, जो एक ओर शांति प्रस्ताव रख रहा हो और दूसरी ओर पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ाने की घोषणा कर रहा हो?

बहुत दिन नहीं हुए जब वे ईरान के हार मान लेने के दावे कर रहे थे। उनकी ओर से होर्मुज समुद्री मार्ग को सुरक्षित बनाने के दावे भी खोखले निकले। तमाम जतन के बाद भी वे इस मार्ग को खुलवा नहीं पाए। इस मार्ग के बाधित होने से ऊर्जा संकट बढ़ने पर उन्होंने जिस तरह पहले रूस और फिर ईरान को तेल बेचने की छूट दी, उससे उनकी विवशता ही झलकी।

हैरानी केवल इस पर नहीं कि पश्चिम एशिया संकट के समाधान के मामले में कथित सर्वशक्तिमान शासनाध्यक्ष ट्रंप कहीं पर भी पहुंचते नहीं दिख रहे हैं। हैरानी इस पर भी है कि इस संकट को हल करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद निष्क्रिय और नाकाम दिख रही है। यह देखना दयनीय है कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू करने के लगभग दो सप्ताह बाद सुरक्षा परिषद तुरंत संघर्ष रोकने की अपील भर कर सकी। ऐसे में बेहतर होगा कि युद्ध विराम के लिए अमेरिका किसी ऐसे विश्वसनीय मध्यस्थ की तलाश करे, जिस पर ईरान का भी भरोसा हो।

## विशेष आलेख

# खंडित वैश्विक परिदृश्य में भारत की विशेष भूमिका

**मौजूदा खंडित वैश्विक व्यवस्था में भारत को अपनी जगह खोजने की ज़रूरत नहीं है, उसका खुद ही एक खास स्थान है। दरअसल, किसी एक पक्ष में होने की प्रवृत्ति से अधिक लाभकारी है,बतौर पुल कार्य करने की क्षमता। विशाल आकार इस देश को महाद्वीपीय आधार मजबूत करने के साथ-साथ समुद्र में स्थिरता बनाए रखने में सक्षम बनाता है।**

अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाएं शायद ही कभी एक ही पल में ढहती हैं; वे धीरे-धीरे कमज़ोर होती हैं। वर्ष 1945 के बाद जो ढांचा बनाया गया था, उसकी रूपरेखा में विनाशकारी अस्थिरता को रोकने के लिए शक्ति का निर्वाह नियमबद्ध ढंग से और प्रगति को अनुमानित प्रारूप से उकेरा गया था। दशकों तक, यह रूपरेखा कायम रही। तथापि, अपने शैशवकाल में भी, इस व्यवस्था में प्रतिस्पर्धी महत्वाकांक्षाओं की छाप साथ चलती रही। जिन देशों को इस व्यवस्था को बनाए रखने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई थी, वे अक्सर समानांतर रणनीतिक एजेंडे अपनाते थे, जिन नियमों को खुद लिखा था उनकी परीक्षा लेते रहे। तत्पश्चात नियमों का चयनात्मक पालन सामान्य बन गया। शीत युद्ध ने प्रतिद्वंद्विता के माध्यम से अनुशासन थोपे रखा; दुनिया बंटी हुई थी, लेकिन गुटों की अनुमानित स्थिति के कारण स्थिरता बनी रही। सोवियत संघ के पतन के बाद कुछ समय के लिए एक 'एक-ध्रुवीय' दौर आया, जिसमें वैश्वीकरण की गति तेज़ हुई और आपूर्ति शृंखलाएं महाद्वीपों तक फैलीं।



**रणनीतिक तनाव के कारण :** इस विस्तार के भीतर ही तनाव के बीज छिपे थे। परस्पर निर्भरता बढ़ी, लेकिन साथ ही विषमता भी। दक्षता की ललक, सहनशीलता से कहीं ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ी। जिन नेटवर्कों ने समृद्धि लाने में मदद की, उन्होंने ही जोखिम भी पैदा कर दिया, जिसमें अपना फ़ायदा ज़बरन या महत्त्वपूर्ण वस्तुओं को रोककर उठाया जा सकता था। आर्थिक एकीकरण, जिसे कभी एक स्व-स्थिरकारी माना जाता था, अब तेज़ी से प्रतिस्पर्धा के रूप में सामने आने लगा। आज ढांचा खड़ा तो है, लेकिन इसका अधिकार क्षेत्र सीमित हो गया। नियम का जिक्र तो किया जाता है, लेकिन लागू चुनिंदा ढंग से ही होते हैं। हम जो देख रहे हैं, वह कोई अचानक आया पतन नहीं बल्कि जो अनुशासन कभी व्यवस्था के दौरान कायम रहा, उसके प्रति सहमति को धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। जैसे-जैसे पुरानी सहमति के स्तंभ कमज़ोर हो रहे हैं, दुनिया नए 'गुरुत्व केंद्र' की तलाश में है।

वह गुरुत्व केंद्र कौन प्रदान कर सकता है, यह मामूली सवाल नहीं। बदलती व्यवस्था का बहाव थामने में हरेक शक्ति एक समान समर्थ नहीं। इसके लिए भूगोल, इतिहास, सभ्यतागत स्मृति और संयम रखने के पिछले रिकार्ड को एक साथ मिलाने जरूरत है। इसे एक ऐसी रणनीतिक संस्कृति की भी जरूरत है, जिसकी नीयत किसी और पर अपना वर्चस्व स्थापित करना न हो; संवैधानिक त्वरित सोच की ज़रूरत है, जो एकरूपता थोपने के बजाय विविधता साथ लेकर चले। इसे एक ऐसे बहुलवादी लोकाचार पर आधारित होना चाहिए, जो मुक्त दुनिया के साथ जुड़ाव तो रखे, लेकिन खुद उसमें न डूबे। इन गुणों बगैर भटकाव स्वत: ठीक नहीं होता; बल्कि और गहरा होता जाता है और अक्सर उनको फ़ायदा देने लगता है, जिन्होंने नियम तो गढ़े, लेकिन उन पर अमल न करने के बहाने ढूंढ़ते हैं।

**सभ्यता, पैमाना और दायित्व :** भारत की सभ्यतागत स्मृति, उसकी भौगोलिक केंद्रीयता के साथ मिलकर, एक विशिष्ट रणनीतिक स्थिति का निर्माण करती है। यह अपने आप में एक महाद्वीप है, उत्तर में हिमालय का प्रश्रय है-ऐसा क्षेत्र जिसने लंबे समय ढाल और मार्ग की भूमिका निभाई। हिमालयी पर्वत शृंखला ने न केवल रक्षा की, बल्कि सदियों व्यापार का मार्ग बना रहा और आक्रमणों को भी सीमित किया; इस प्रक्रिया ने ऐसी सभ्यता को आकार दिया जो अपनी मूल पहचान खोए बिना बाहरी प्रभाव आत्मसात कर लेती है।

इसका प्रायद्वीपीय विस्तार साझे समुद्री क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जो वैश्विक व्यापार की मुख्य धमनियों में इसकी अहम उपस्थिति यकीनी बनाता है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य से लेकर मलक्का जलडमरूमध्य और बाब अल-मंडेब तक, वाणिज्य के प्रमुख समुद्री गलियारे भारत से सटकर निकलते हैं। ये सभी विशिष्टताएं भारत को अव्यवस्था का सामना करने की क्षमता के साथ स्थिर और संतुलित करने का सामर्थ्य प्रदान करती हैं।

**संतुलन बतौर सक्रिय रणनीति :** विखंडित होती दुनिया में, संतुलन अब अपरोक्ष परिणाम नहीं रहा, एक सक्रिय रणनीति है। भारत का दृष्टिकोण, अपनी हस्ती कायम रखते हुए, वृहद जुड़ाव बनाना है, और अलग-थलग पड़े बिना स्वायत्तता बनाए रखनी है। ऐसे रुख को अक्सर रणनीतिक स्वायत्तता कहते हैं, लेकिन इसका सार वाजिब संतुलन में है, प्रतिस्पर्धी ध्रुवों के बीच भी, संबंध बरकरार रखना और हितों को कमजोर किए बिना संवाद जारी रखने की क्षमता। यह मानकर कि अब गठबंधन अमूमन पूर्ण नहीं होता, परिस्थितिजन्य होता है। ऐसा संतुलन न तटस्थता है और न अनिर्णय। विखंडन के युग में, भावावेश में किसी एक पक्ष में होने की प्रवृत्ति से कहीं अधिक मूल्यवान है, एक सेतु के रूप में कार्य करने की क्षमता।

**बल का विश्वसनीय समायोजनीय संतुलन :** संतुलन केवल संयम पर टिका नहीं रह सकता; जब यह खतरे में हो तब संयम तज कार्रवाई करने की विश्वसनीय क्षमता होनी चाहिए। दबाव डालने पर, भारत ने दृढ़ता व सही अनुपात में प्रतिक्रिया देने की इच्छाशक्ति दिखाई। बल प्रयोग संतुलन त्यागना नहीं; जब अन्य ढंग फेल हो जायें तब संतुलन बहाली का साधन है। मौजूदा परिदृश्य में, विश्वसनीयता गतिजता से अधिक व्यापक है। एल्गोरिदम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब युद्धक्षेत्र जागरूकता और निर्णय-क्षमता को आकार दे रहे हैं। विदेश से नियंत्रित तकनीकी पारिस्थितिकी पर निर्भरता नया जोखिम है, एक संभावना कि महत्वपूर्ण क्षणों में वह क्षमता ही गायब कर दी जाए। हालांकि, तकनीकी आत्मनिर्भरता संरक्षणवाद की ओर पीछे जाना नहीं; यह सुरक्षित संपर्क के लिए पूर्व-आवश्यकता है। यह एक संप्रभु डिजिटल कोर बनाने के बारे में है, जिसके जरिए प्रणालीगत निर्भरता बनाए बगैर वैश्विक अंतर-संचालन की सुविधा मिले। आज रणनीतिक स्वायत्तता 'समाप्ति का निर्णय' अपने हाथ में सुनिश्चित करते हुए वैश्विक नेटवर्क में भाग लेने की क्षमता है।

**संघर्ष समाप्ति का अनुशासन :** संघर्ष समाप्ति रणनीतिक समझ की सबसे स्पष्ट कसौटी है। कार्रवाई करते हुए यह जानना जरूरी है कि रुकना कब है। 1971 का संघर्ष इस अनुशासन हेतु वैश्विक मानदंड है: एक निर्णायक सैन्य परिणाम पाने के बाद,अपने क्षेत्रीय विस्तार बिना, एक नए राष्ट्र के लिए संप्रभु स्थिरता की तुरंत स्थापना करना। 1947 से आज तक भारत द्वारा बल प्रयोग, अंतर्निहित इस सीमा को ध्यान में रखने का बिम्ब रहा है, इरादे का संकेत देना, दुश्मन को कीमत चुकाने पर मजबूर करना, और उसको संदेश मिलने के बाद पीछे हटने की क्षमता।

## आज का राशिफल

### मेष
किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### वृष
डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है।

### मिथुन
स्थायी संपति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

### कर्क
भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### सिंह
कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### कन्या
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

### तुला
तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी। घर में मांगलिक कार्य हो सकता है।

### वृश्चिक
चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### धनु
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

### मकर
विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

### कुंभ
मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

### मीन
यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए ऐसे करें कोकोनट ऑयल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल

बालों को हेल्दी बनाए रखने के लिए लोग तमाम तरह के शैंपू और हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन मार्केट में मौजूद ज्यादातर प्रोडक्ट्स केमिकल युक्त होते हैं और इनका इस्तेमाल बालों के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। बालों की अच्छी केयर के लिए प्राकृतिक और हर्बल चीजों का इस्तेमाल ज्यादा फायदेमंद होता है। बालों के अच्छे विकास के लिए नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इन तीनों चीजों में मौजूद गुण और पोषक तत्व बालों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। शहद का इस्तेमाल करने से आपके बालों से जुड़ी कई गंभीर परेशानियां दूर होती हैं। इसके अलावा नारियल तेल और एलोवेरा में विटामिन ई समेत कई अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए भी बहुत उपयोगी होते हैं।



### बालों की ग्रोथ बढ़ाने में उपयोगी

बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए नारियल तेल, शहद और एलोवेरा का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इनमें विटामिन ई, प्रोटीन समेत एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। नियमित रूप से इन तीनों चीजों से बना हेयर मास्क या हेयर पैक लगाने से आपके बालों की ग्रोथ बहुत तेजी से बढ़ती है।

### बालों को सिल्की बनाने में फायदेमंद

नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बालों को सिल्की और शाइनी बनाने में बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इन चीजों में कंडीशनिंग गुण होते हैं, जो बालों के लिए बहुत उपयोगी माने जाते हैं।

### बालों को मजबूत बनाने में फायदेमंद

बालों को हेल्दी बनाए रखने और समस्याओं से बचाने के लिए एलोवेरा और नारियल तेल का इस्तेमाल पुराने समय से किया जा रहा है। नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल करने से आपके बालों को पर्याप्त पोषण मिलता है। इसका इस्तेमाल बालों को मजबूत बनाने का कम करता है।

### डैंड्रफ से दिलाए छुटकारा

डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए नारियल तेल, एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसका इस्तेमाल करने से सीबम को कम करने में बहुत फायदा मिलता है और स्कैल्प को अच्छी तरह से साफ करता है।

# लाइट जलाकर सोने की आदत सेहत पर पड़ सकती है भारी, इन बीमारियों का बढ़ जाता है खतरा

हमारे आसपास कई लोगों को रात में लाइट जलाकर सोने की आदत होती है। जिसका मुख्य कारण अंधेरे से लगने वाला डर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लाइट ऑन करके सोना आपकी सेहत पर बेहद हानिकारक असर डालता है। आपको बता दें कि यहां पर हम बात सिर्फ रूम लाइट की नहीं बल्कि आपके टीवी या लैपटॉप की रोशनी की भी कर रहे हैं। इन सब की रोशनी आपके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। साल 2022 में हुए एक स्टडी के मुताबिक, लाइट की रोशनी में सोने वाले लोगों ने बताया कि उन लोगों ने अच्छी नींद ली। लेकिन मस्तिष्क की रिकॉर्डिंग करने से सामने आया कि उन्होंने बहुत कम गहरी नींद ली है।

बता दें कि गहरी नींद लेना संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। लाइट जलाकर सोने वाले लोगों में मेटाबॉलिज्म और हार्ट पर प्रभाव होने की अधिक संभावना रहती है। इसके अलावा ऐसे लोगों के ब्लड सैंपल से पता चला कि कमरे की रोशनी में एक रात सोने से प्रतिभागियों के इंसुलिन प्रतिरोध में इजाफा हुआ है।



**मोटापे का खतरा :** महिलाओं पर किए गए अध्ययन से सामने आया है कि रूम लाइट या टीवी ऑन करके सोने वाले लोगों को गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। वहीं ऐसा करने वाले लोगों में मोटापे का जोखिम ज्यादा होता है। लाइट बंद कर सोने वाले लोगों को इन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। वहीं मोटापे के खतरे से कई गंभीर बीमारियों को भी बुलावा मिलता है। इसलिए अगर आप भी लाइट जलाकर सोते हैं तो आपको भी अपनी इस आदत को जल्द ही छोड़ना चाहिए।

**डिप्रेशन :** इसके अलावा रात में लाइट जलाकर सोने से अवसाद यानि की डिप्रेशन का जोखिम बढ़ जाता है। इतना ही नहीं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली तेज नीली लाइट आपके मूड और स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। बता दें कि लाइट नींद की कमी से संबंधित है। लाइट जलाकर सोने से मूड स्विंग होने और स्वभाव में चिड़चिड़ापन पैदा कर सकती है। साथ ही आपको अवसाद का भी सामना करना पड़ा सकता है। इसलिए नींद के दौरान लाइट जलाने से बचना चाहिए।

**ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना :** रात में सोने के दौरान लंबे समय तक लाइट को जलाकर रखने से आपका ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। इससे आपको डायबिटीज और इंसुलिन प्रतिरोध होने का खतरा बना रहता है। इसलिए कोशिश करें कि इस आदत को जल्दी छोड़ा जा सके। क्योंकि नींद का सीधा संबंध हमारी सेहत से होता है। लाइट शरीर के सिस्टम को डिस्टर्ब करने का काम करती है। जिससे कि आपकी बॉडी में बायोमैकेनिकल बदलाव होने लगते हैं। इस दौरान आपको हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज होने का खतरा रहता है।

**अपनाएं ये उपाय :** अगर आपको लाइट के बिना नींद नहीं आती है तो आप नॉर्मल लाइट के बजाय लाल रंग के बल्ब का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक रिसर्च में पाया गया है कि अन्य रंगीन बल्बों के समान लाल नाइट बल्ब मेलाटोनिन उत्पादन पर हानिकारक प्रभाव नहीं डालते हैं। लेकिन इसका भी लंबे समय तक इस्तेमाल किए जाने से बचना चाहिए। साथ ही अगर आप सेहत संबंधी किसी भी समस्या से परेशान है तो आप डॉक्टर की भी सलाह ले सकते हैं।

# लिवर के लिए जहर का काम करता है अल्कोहल

लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग होता है। यह केवल 2-4 नहीं बल्कि पूरे 500 फंक्शन को करने के लिए जिम्मेदार होता है। इसलिए लिवर के खराब होने पर यह हमारे शरीर के लगभग सभी हिस्सों को प्रभावित करता है। वहीं अल्कोहल लिवर को तेजी से सड़ाने का काम करता है। जरूरत से ज्यादा मात्रा में अल्कोहल का सेवन करने से लिवर में फैट जमा होने लगता है। इसी कारण से सिरोसिस, अल्कोहलिक हेपेटाइटिस जैसी बीमारियां घेर लेती हैं। शराब के अलावा खराब खानपान और अनियमित जीवनशैली भी लिवर को डैमेज करने काम करते हैं। बता दें कि लिवर खुद से ठीक भी होता है। लेकिन इसके लिए जरूरी होता है कि शराब आदि का सेवन बंद कर दिया जाए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन लक्षणों के बारे में बताएंगे, जिन्हें समय रहते पहचान कर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

**अल्कोहल से लिवर को नुकसान :** अल्कोहल से होने वाले लिवर के नुकसान के संकेतों को लोग अक्सर



गलत समझ लेते हैं, जिसके कारण अधिकतर मामलों में गंभीर बीमारी का पता देर से चलता है। आपको बता दें कि इन संकेतों में ये लक्षण शामिल हैं: 1- पेट में दर्द रहना 2- अक्सर थकान रहना 3- उल्टी 4- बीमार महसूस करना 5- दस्त 6- भूख नहीं लगना।

### लिवर सड़ने के लक्षण

अल्कोहन के सेवन से आपका लिवर सड़ चुका है तो इसका सीधा असर आपके शरीर पर दिखता है। जब भी आपको अपने शरीर में ये लक्षण दिखने लगें तो आपको समझ जाना चाहिए है। अब शराब पीने पर कंट्रोल करने की जरूरत है। 1-पीलिया 2-पैरों, टखने और पेट पर सूजन 3- 3-बुखार और कांपना 4-स्किन पर खुजली और बालों का झड़ना 5-तेजी से वजन कम होना 6-कमजोरी महसूस होना 7-भ्रम और याद्दाश्त कमजोर होना 8-नींद न आना 9-उल्टी में खून आना 10-काले रंग का शौच 11-शराब पीते ही सेंसिटिविटी का बढ़ना।

**फैटी लिवर के नुकसान :** शराब पीने से लिवर फैटी हो जाता है। इसका सीधा संकेत होता है कि भविष्य में आपका कोई ऐसा नुकसान हो सकता है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। आपको बता दें कि फैटी लिवर होने के कारण एक तिहाई से ज्यादा पेशेंट एल्कोहलिक हेपेटाइटिस का शिकार होते हैं।

# चैत्र नवरात्रि का समापन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र के वासंतिक नवरात्र का समापन गुरुवार को भक्तिभाव के साथ हुआ। गुरुवार को अष्टमी और नवमी तिथि एक ही दिन होने के कारण कन्याओं को भोजन कराकर उपहार दिए गए। कई लोग 27 मार्च को कन्या पूजन करेंगे। गुरुवार को अष्टमी तिथि पर सुबह साढ़े आठ से दोपहर बारह बजे तक आर्द्रा नक्षत्र में संधि पूजन किया गया । मातारानी को 108 नील कमल अर्पित किए गए।

### देवी मंदिरों में गूंजे जयकारे

देवी मंदिरों में शहर के प्रमुख मंदिर जय माता दी के जयकारों से गूंजायमान रहे। सुख-समृद्धि, संतति और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना लेकर भक्तजन पूरे श्रद्धाभाव से मां भगवती की उपासना में लीन रहे। मंदिरों में विधि-विधान के साथ हवन-यज्ञ तथा विशेष अनुष्ठानों का विशेष आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने मां को फल, पुष्प, नारियल, चुनरी एवं मिष्ठान अर्पित कर अपनी आस्था व्यक्त की। साथ ही भजन-कीर्तन एवं जागरण के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया गया।

### शिला माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

आमेर स्थित प्रसिद्ध शिला देवी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त मातारानी के दर्शन करने पहुंचे। यहां मां का आभूषणों एवं मनमोहक पुष्पों से श्रृंगार किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाआरती उतारी गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में दिनभर दर्शन-पूजन का क्रम निरंतर जारी रहा। घाटगेट श्मशान स्थित काली माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने माता को चुनरी, प्रसाद अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गलता पीठ के मंदिरों में सुबह से ही घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। दुर्गापुरा स्थित दुर्गा माता मंदिर में भी अष्टमी व नवमी तिथि के अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। वहीं खोले के हनुमान जी मंदिर में राम चरित मानस की चौपाइयों का पाठ किया गया।

# आमेर शिला माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नवरात्र के नौ दिनों में आमेर आस्था का केंद्र बन जाता है। दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु अष्टमी पर यहां दर्शन को पहुंचे। मंदिर में भव्य झांकियां सजाई गई और माता का विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह मंदिर के पुजारी के निर्देशन में माता का अभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना हुई। माता को नवीन पोशक धारण करवाई गई। जानकारी के अनुसार पूर्व राजपरिवार की ओर से हर वर्ष पूजा-अर्चना के बाद विशेष पोशाक अर्पित की जाती है। कहीं श्रद्धालु दंडवत करते नजर आए तो कहीं हाथों में दीपक लेकर मां दुर्गा की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने मां के दर पर शीश नवाया और सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मंदिर जाने वाला मार्ग माता के जयकारों से गुंजायमान होता रहा। कई भक्त हाथों में पुष्प और नारियल लिए जयकारे लगाते हुए माता के दरबार में पहुंचे। कुछ भक्त कनक दंडवत करते हुएए तो कुछ पैदल पहुंचे। इस मौके पर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों से कई पदयात्राएं भी मां के दरबार में पहुंची। पदयात्री हाथों में ध्वज थामे माथे पर जय माता दी लिखी पट्टी बांधे जयकारे लगाते हुए माता के दरबार में पहुंचे। आमेर शिला माता मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर सहित शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जलेब चौक में श्रद्धालुओं के लिए टेंट लगाए गए एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। उधर राजापार्क के पंचवटी सर्किल पर भी भक्तों भीड़ पहुंची। यहां चना-हलुवा प्रसादी का भी वितरण किया गया।

# विधायक ने किया पूर्वीय समाज सामुदायिक भवन का शिलान्यास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने गुरुवार को दुर्गाष्टमी एवं रामनवमी के पावन अवसर पर रामराजपुरा, राकड़ी स्थित पूर्वीय समाज सामुदायिक भवन में विधायक कोष से 17.10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले प्रथम तल के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वर्षों से लंबित इस कार्य को विकासात्मक कार्यक्रम के तहत प्राथमिकता देते हुए शुरू किया गया है। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए हर समाज और वर्ग को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता है। सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ किए जा रहे इन प्रयासों से क्षेत्र में सामाजिक समरसता मजबूत होगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। सामुदायिक भवन का विस्तार सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित होगा। विधायक शर्मा ने कार्यक्रम में मिले आत्मीय स्नेह और समर्थन के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि जनभागीदारी के साथ ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है और इसी दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्वीय समाज सांस्कृतिक संगम, जयपुर के अध्यक्ष जसवंत सिन्हा, महामंत्री केके तिवारी, सचिव रामजी पाठक, डॉ सुषमा भारती, ललिता सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, मुकेश जैमन, मीना मीणा, महामंत्री करण सिंह तंवर, मुकेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु, कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# इप्टा राष्ट्रीय नाट्य रंगोत्सव आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व रंगमंच दिवस पर संस्था इप्टा जयपुर तीन दिवसीय इप्टा राष्ट्रीय नाट्य रंगोत्सव 2026 का आयोजन जयपुर के रविन्द्र मंच मुख्य सभागार में 27 से 29 मार्च तक सायं 6:30 बजे से किया जाएगा। पूरा नाट्य समारोह रविन्द्र मंच बचाओ अभियान के तहत किया जा रहा है। यह पूरा नाट्य समारोह रविन्द्र मंच परिसर को समर्पित होगा। अध्यक्ष वरिष्ठ नाट्य निर्देशक संजय विद्रोही ने बताया कि यह नाट्य समारोह कला एवं संस्कृति विभाग भारत सरकार एवं रविन्द्रमंच सोसाइटी जयपुर के तत्वाधान में खेला जाएगा।

तीन दिन नाटकों का मंचन रविन्द्र मंच जयपुर पर सांय 6:30 से आरंभ होगा। पहले दिन की प्रस्तुति जामुन के पेड़ है जो हमारे सिस्टम पर सवाल उठाता है। हास्य और व्यंग से भरपूर नाटक रविन्द्र मंच की दुर्दशा पर भी सवाल करता है। इसका निर्देशन गुरमिंदर सिंह पूरी एरोमी ने किया है। दूसरे दिन फ्लर्ट नाटक की प्रस्तुति है। इसमें प्यार और इजहार के बीच एक कशमकश चलता है। कैसे अभिव्यक्त करता है, उसकी एक बानगी है। जिसमें हास्य पुट का आनंद भरपूर है। इसका निर्देशन गगन मिश्रा ने किया है। तीसरे दिन फेसेस इन द डस्ट नाटक की प्रस्तुति है। यह नाटक अतीत की विभाजन की त्रासदी को रेखांकित करता है कई रचनाओं को मिलाकर एक फिजिकल थिएटर कोलाज तैयार किया है। आज के नफरती दौर में उन लोगों के दु:ख और अनुभव को सामने लाती है।

# गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ के सातवें दिन 42 लाख 21 हजार आहुतियां दी

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मलीन परम संत ध्यान महाराज और कालीदास महाराज की तपोस्थली रहा अरावली पर्वत श्रृंखला एवं प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आस्था और भक्ति का 800 वर्ष पुराना कालाकोटा का दाऊधाम 19 मार्च से धार्मिक चर्चाओं में बना हुआ है जहां परमपूज्य अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज के सान्निध्य में 9 दिवसीय 108 कुण्डात्मक गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ चल रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि जंगल में मंगल हो रहा है। क्या दिन, क्या रात, चौबीसों घंटे स्थान मुंह बोलता सा प्रतीत होता है। भीड़-भाड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी महाराज के दर्शन कर धोक लगाई एवं यज्ञ भगवान की परिक्रमा कर घर-परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महायज्ञ के आखिरी दिनों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ने लगा है। महायज्ञ के मुख्य यजमान सांवताराम भगत, गिरधरदास महाराज, पाटन दरबार के दिग्विजय सिंह आदि ने आहुतियां देकर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महायज्ञ में यज्ञाचार्य पण्डित चिरंजीवी शास्त्री के आचार्यत्व में यज्ञ ब्रह्म पण्डित राजकुमार शास्त्री, उपाचार्य पण्डित श्रीराम शास्त्री सहित सैकड़ों विद्वान पण्डितों ने यजमानों से 42 लाख 21 हजार आहुतियां दिलवाई। महायज्ञ में 151 विद्वान पण्डितों के द्वारा यज्ञ में आहुतियां दिलवाई जा रही हैं और 108 विद्वान पण्डितों के द्वारा श्री गोपाल सहस्त्रनाम के विधिवत पाठ किए जा रहे हैं। श्री गोपाल सहस्त्रनाम के पाठ करने से यज्ञ सफल होते हैं। यह पाठ धर्माचार्य पण्डित जयप्रकाश चंद शर्मा व पण्डित विष्णु कुमार शर्मा की देखरेख में किए जा रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा वाचक भोलाशंकर दास महाराज ने वरुण लोक में कृष्ण भगवान की की गई स्तुति का वर्णन किया। भगवान कृष्ण जब मुरली बजाते थे तो मुरली की दिव्य धुन सुनकर भगवान शिव, भगवान विष्णु प्रसन्नचित-प्रफुलित हो जाते थे और पूरा वृंदावन धाम झूम उठता था।

### 10 भट्टियों पर बन रही भण्डारे की प्रसादी

हलवाई नरेश कुमार सैन ने बताया कि कालाकोटा के दाऊधाम में रोज 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं की प्रसादी बनाई जा रही है। रोजाना अलग-अलग प्रकार की रसोई बनाई जा रहीं हैं। लड्डू-पूरी-सब्जी से लेकर खीर-जलेबी तक की प्रसादी बदल-बदलकर तैयार की जा रही है। 15 क्विंटल सब्जी, 18 क्विंटल आटा, 25 से 30 पीपा देशी घी, 25 क्विंटल चीनी, 30 पीपा तेल, 40 क्विंटल लकड़ी, एक क्विंटल ड्राइफ्रूट, फल जो 80 हलवाईयों के द्वारा तैयार करवाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की पंगत-प्रसादी के साथ-साथ संत-महात्माओं के लिए भी फलाहार तैयार किया जाता है। वृंदावन की टीम द्वारा रासलीला में कृष्ण भगवान की माखन चोरी, कृष्णलीला, राधारानी और कृष्ण के प्रथम मिलन की लीला का चित्रण किया गया। पाटन दरबार से दिग्विजय सिंह, प्रहलाद दास महाराज कुंडा धाम, कृष्णदास महाराज निमोद नरसिंह धाम, माधवदास महाराज, बिशनदास महाराज, ओंकारदास महाराज पंचमुखी दरबार सींगोंद, किशनदास महाराज, रामस्वरूप दास महाराज जीतूडी हनुमान धाम गुजरात, गोपालदास महाराज, रामचरणदास महाराज, ज्ञानदास महाराज खेड़की सहित कई संत-महात्माओं ने महायज्ञ में अपनी-अपनी सार्थक उपस्थिति दी।

### हजारों ने पाई पंगत-प्रसादी

मंदिर परिसर में चल रहे विशाल भण्डारे में रोजाना 15-20 हजार से ज्यादा की संख्या में श्रद्धालु पंगत-प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। जहां पंगत-प्रसादी में खीर-जलेबी, पूरी सब्जी की प्रसादी खिलाई गई। गौमाता की रक्षा के लिए घर-परिवार की सुख. समृद्धि और खुशहाली के लिए भी नौ दिनों तक आहुतियां देंगे।

# गोवंश का कटा सिर मिलने से फैली सनसनी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में बुधवार देर रात गोवंश का कटा सिर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई और घटना स्थल पर सैकड़ो लोग जमा हो गए। इसी दौरान बजरंग दल के कार्योकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन करने लग गए। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बजरंग दल के कार्योकर्ता से समझाईश करने का प्रयास किया । जिसके बाद प्रदर्शनकारी थाने के सामने जा पहुंचे और घेरराव कर दिया। पुलिस ने मामले को शांत करवाने के लिए तुरंत विकास के खिलाफमामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि थाना इलाके में स्थित वैधपुरी इलाके में रहने वाले विकास हरिजन की गाय के बछड़े को चार दिन पहले कुत्ते ने काट लिया था। जिससे बछड़े की मौत हो गई। जिसके बाद गाय ने दूध देना बंद कर दिया। दुध के लालच में विकास ने बछड़े का सिर गाय के सामने लाकर रख दिया। बछड़े का सिर रखा रखे स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। गोवंश का सिर पड़ा होने का वीड़ियों वायरल होने के बाद बजरंग दल के जिला सचिव जीत अपने समर्थकों के साथ थाने पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करना शुरु कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाही करते हुए विकास हरिजन वैधपुरी निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

# स्वामी रामदेव का 31 वाँ संन्यास दीक्षा दिवस मनाया



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गुरुवार को नियमित योग क्लास में योग शिक्षक पवन कुमार ने उपस्थित योग साधकों को रोगानुसार योगाभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 1995 में रामनवमी के दिन रामकिशन यादव स्वामी रामदेव बन गए। इस अवसर पर शुभकरण चौधरी पूर्व विधायक के सानिध्य में स्वामी महाराज का 31वाँ आध्यात्मिक अवतरण दिवस दीप प्रज्वलन के साथ मनाया। इस अवसर पर दान भी संग्रह किया। चौधरी ने अपने उधद्बोधन में कहा कि सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं कहाँ कि आप अपने जीवन में श्रीराम एवं स्वामी रामदेव के आदर्शो को अपने जीवन में आत्म सात करें। इस अवसर पर बजरंग सिंह शेखावत, डॉ सम्पत बारूपाल, गोपाल सैनी, रामनिवास जिनोलिया, मनीराम कुल्हरी, सुभाष सोनी, रजनी जिनोलिया, ललित मीणा, महर्षि दयानन्द महिला जिला प्रभारी सुनीता बेनीवाल, मीनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुमित्रा खालिया, मनीराम खालिया, जितेन्द्र टीबड़ा, ओमप्रकाश मीणा भी उपस्थित थे। अंत में सभी योग साधकों को प्रसाद भी वितरण किया गया।

# सिद्धेश्वर महादेव मन्दिर में मनाया 12वां पाटोत्सव और श्रीराम नवमी महोत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर विकास समिति, श्री गुरु नानक पार्क, जोन-122 सेक्टर 12, मानसरोवर द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्रीराम नवमी महोत्सव इस वर्ष 26 व 27 मार्च 2026 को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार को मंदिर परिसर में आयोजित इस महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष झलक देखने को मिली। महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गईए जिसमें हवन, श्रीराम जन्म आरती, भजन संध्या, श्री सुंदरकांड आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं महिला-पुरुष मंडलों के भजन एवं दोहा-चौपाई आधारित अंताक्षरी जैसे आयोजन शामिल हैं। प्रतियोगिता में



विजेताओं को सम्मानित किया गया, पुरस्कार एवं ट्रॉफी की व्यवस्था श्री अशोक कुमार टेकवानी अशोका ज्वेलर्स द्वारा की गई। इस अवसर पर महिला भक्त मंडल की सक्रिय भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महिला मंडल में श्रीमती मधु ग्रोत्रा, सीमा झालानी, विनोद गोस्वामी, सुनीता विजय, हेमा आहूजा, ज्योति चतवानी, अलका गौतम, ऋचा श्रीवास्तव एवं मेघा कंसल ने भजन, अंताक्षरी एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार 27 मार्च की शाम आरती के पश्चात विशाल पंगत प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। इस भव्य आयोजन में शहर के अनेक गणमान्य अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मुख्य अतिथियों में विपिन कुमार अध्यक्ष, भाजपा मानसरोवर मंडल, सुनील कुमार शर्मा अध्यक्ष, भाजपा सांगानेर मंडल, मुकेश लखियानी पार्षद एवं पूर्व चेयरमैन, फायर समिति, जयपुर ग्रेटर नगर निगम, कुणाल चौधरी कोषाध्यक्ष, भाजपा जयपुर प्रकोष्ठ, भारती लखियानी पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष, कच्ची बस्ती सुधार समिति, महन्त श्री वीर हनुमान जी मंदिर मानसरोवर विस्तार, श्री राम अवतार गुप्ता पार्षद, वार्ड 70 तथा महन्त श्री काले हनुमान जी मंदिर मानसरोवर विशेष रूप से शामिल रहेंगे। मंदिर विकास समिति के महासचिव सी.जे आहूजा ने बताया कि यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी माध्यम है। उन्होंने आमजन से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# साइकिल पाकर खिले छात्राओं के चेहरे



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छीलरी में राज्य सरकार की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी और उन्होंने उत्साह के साथ अपनी नई शुरुआत की ओर कदम बढ़ाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संस्था प्रधान संजू नेहरा ने कहा कि यह योजना केवल सुविधा नहीं, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अब दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाली छात्राएं बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय पहुंच सकेंगी, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही वह साधन है, जो जीवन को नई दिशा देता है। सरकार की इस पहल से बेटियां अब और अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी और अपने सपनों को साकार करेंगी। हमें यह सुनिश्चित करना है कि इन संसाधनों का सही उपयोग करते हुए हम शिक्षा के क्षेत्र में और ऊंचाइयों को छुएं। कार्यक्रम में छात्राओं को सुरक्षित जीवन के लिए यातायात के सामान्य नियमों की भी जानकारी दी गई, ताकि वे साइकिल का उपयोग सावधानीपूर्वक कर सकें। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि पूर्ण सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पहल शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए सरकार और विद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# जोधपुर डिस्कॉम के निजीकरण के विरोध में किया प्रदर्शन

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में जोधपुर डिस्कॉम के निजीकरण के विरोध में विभाग के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया तथा काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर सहायक अभियंता पंकजसिंह ने कहा कि बिजली विभाग का निजीकरण कर्मचारियों के हितों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं के लिए भी नुकसानदाय साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि निजीकरण से बिजली दरों में बढ़ोतरी, सेवा की गुणवत्ता में गिरावट व कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी इस फैसले का शांतिपूर्ण, लेकिन मजबूती से विरोध कर रहे हैं



और आगे भी यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर आंदोलन की अगली रणनीति तैयार की जाएगी, जिसमें चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि निजीकरण के फैसले पर पुनर्विचार किया जाए और विभाग को सरकारी नियंत्रण में ही रखा जाए, ताकि आम जनता को सस्ती व बेहतर बिजली सेवाएं मिलती रहे। यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# युवा उद्यमी अहमदाबाद प्रवासी विष्णु चौधरी को मातृशोक

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर की वरिष्ठ सामाजिक व धर्मप्रेमी महिलाओं में शामिल प्रेमलता चौधरी का निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। प्रेमलता चौधरी, युवा वैश्य समाज राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं अहमदाबाद प्रवासी उद्यमी विष्णु चौधरी की माताजी तथा नगरपालिका चिड़ावा की सहवृत्त सदस्य संगीता चौधरी की सास थीं। उनका अंतिम संस्कार गायत्री मंदिर के समीप स्थित मुक्ति धाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में शहरवासियों ने पहुंचकर उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक एवं गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। जिनमें पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व विधायक जेपी चंदेलिया, भाजपा नेता राजेश दहिया, सीनियर आरपीएस नवाब खां, पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद



हिम्मतरामका, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश मालानी, पूर्व चेयरमैन सुभाष शर्मा, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका, अड़ूकिया स्कूल के प्रिंसिपल प्रदीप मोदी, शीशराम हलवाई, पार्षद राजेंद्र कोच, कांग्रेस नेता प्रवीण कटेवा, वर्षा सोमरा, सुरेश जलिंद्रा, अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष गणेश हलवाई, युवा वैश्य समाज के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, अमित सुशील गोयल, बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य व पूर्व सहवृत्त सदस्य मनीषा केडिया, भाजपा नेता सुरेश भूकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, केएल लाठ, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया, सुनिल भड़िया, सज्जन गोदारा, प्रो. ऋचा जांगिड़, दिनेश दाधीच अहमदाबाद, हास्य कलाकार अंकिता योगी आदि प्रमुख है।

# शोभायात्रा पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने की पुष्प वर्षा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्रीराम नवमी पर सिविल लाइंस क्षेत्र में जेकब रोड स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर से गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा हसनपुरा, हटवाड़ा रोड, अजमेर रोड, न्यू सांगानेर रोड, रामपथ मार्ग होते हुए प्रियदर्शनी मार्ग स्थित हरिहर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। विभिन्न अखाड़ों के हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। हरिपुरा क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल बनाई।

## रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएँ



नवयत्न।

प्रभु श्रीराम की कृपा हम
सभी पर बनी रहे
इस शुभ दिवस पर प्रभु को समर्पित कुछ दोहे

रामलला की प्रीत में, मग्न हुआ संसार।
आज राम के जन्म पर, पुलकित है घर-बार।।

राम लला के हाथ से, छीने रोटी काग।
भक्तिभाव मन में जगा, जागे उसके भाग।।

सरयू तट पर खेलते, चारों राजकुमार।
दिव्य, अलौकिक दृश्य से, आनंदित संसार।।

दशरथ के नंदन हुए, कौशल्या के राम।
सीता के प्रियवर हुए, बसे अयोध्या धाम।।

जिसने सब अपना तजा, बढ़ा उसी का मान।
चाहे गौतम बुद्ध हो, चाहे राम महान।।

कथा राम की है अमर, शाश्वत उनका नाम।
भक्तों की पीड़ा हरें, बनते बिगड़े काम।।

हो विनम्र रिपुदमन सा, निष्ठा भरत समान।
मर्यादा श्री राम सी, त्याग लखन का मान।।

सेवापथ पर चल पड़े, चलना अपना काम।
नैया पार लगाइए, कृपा राखिये राम।।

मन के राम जगाइए, रावण को दें मार।
सदाचार सद्भाव से, होगा बेड़ा पार।।

**डॉ सविता गोस्वामी (तेजस्विनी)**

महामंत्री, अ. भा. साहित्य
परिषद, इकाई बहरोड़

## अक्षर का समर्पण

नवयत्न।

अक्षर अकेले होते हैं चुपचाप, बिखरे हुए,
अपने ही भीतर सिमटे, जैसे कोई अनकही बात
मन की गहराइयों में ठहर जाती हो।

वे रहते तो हैं अमर, पर अलग-अलग ऐसे लगते हैं
मानो धड़कन तो है पर उसमें स्पंदन नहीं,
जीवन तो है पर उसमें स्वर नहीं।

वे प्रतीक्षा करते हैं किसी मिलन की,
किसी संगति की, जहाँ वे अपने छोटे अस्तित्व से
कुछ बड़ा बन सकें।

फिर एक क्षण आता है, धीरे-धीरे, संकोच से भरा हुआ,
जब वे एक-दूसरे के पास आते हैं, अपने भीतर जगह बनाते हैं,
और मैं को थोड़ा-थोड़ा छोड़ते हैं।

तभी कुछ अद्भुत घटित होता है-
वे शब्द बन जाते हैं, और शब्द बनते ही
मौन भी बोलने लगता है,
भावों को दिशा मिलती है, और जीवन को अर्थ।

यह मिलन केवल जोड़ नहीं, यह समर्पण है
जहाँ हर अक्षर अपने अहं का अंश त्यागता है,
तभी कोई बड़ा सत्य जन्म लेता है।

अक्षर जड़ होते हैं पर शब्द बनते ही
श्चेतना में बदल जाते हैं, जैसे कोई दीप
अचानक प्रज्वलित हो उठे।

कहा गया है ब्रह्म भी शब्द है,
और शब्द की जड़ में अक्षर का मौन तप छिपा है।

और यहीं से कविता जीवन से जुड़ती है-

हम भी तो अक्षर ही हैं,
अलग-अलग, अधूरे,
अपने-अपने अहं में बंद।

एक व्यक्ति एक अक्षर है, परिवार एक शब्द,
समाज एक वाक्य, और राष्ट्र एक महाकाव्य।

जब हम अलग रहते हैं, तो केवल मैं रह जाते हैं,
पर जब हम जुड़ते है- स्नेह, विश्वास और समर्पण से
तभी हम जन्म लेता है।

और वही हम जीवन को अर्थ देता है,
समाज को शक्ति देता है, और राष्ट्र को गरिमा।

अकेले हम संभावना हैं, मिलकर हम सृजन हैं,
अकेले हम अधूरे हैं, मिलकर हम पूर्ण हैं।

तुम भी एक अक्षर हो अभी
जब मैं से निकल हम में मिलोगे,
तब एक महान शब्द बनोगे जो
युगों-युगों तक गूंजता रहेगा।



**लेखक : डॉ ओम प्रकाश भार्गव**

**प्रांत अध्यक्ष, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जयपुर प्रांत**

# महिलाओं को कंसीव करने में मदद करते हैं ये विटामिन्स, प्रेग्नेंसी प्लान कर रही हैं तो जरूर करें सेवन

प्रेग्नेंसी का समय हर महिला के लिए खास होता है। लेकिन कई बार पोषक तत्वों की कमी, खराब लाइफस्टाइल, फर्टिलिटी से जुड़ी समस्या और असंतुलित खानपान की वजह से महिलाओं को कंसीव करने में दिक्कत आती हैं। इस कारण कई बार महिला तनाव में रहने के साथ खुद का ख्याल भी रखना छोड़ देती हैं। ऐसे में अगर आप भी कंसीव करने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो डाइट में कुछ विटामिन्स को शामिल किया जा सकता हैं। ये विटामिन्स कंसीव करने में मदद करते हैं और प्रेग्नेंसी में होने वाली समस्याओं से मां और बच्चे का बचाव करते हैं। इन विटामिन्स का सेवन मां बनने पहले से शुरू कर देना चाहिए। कई बार 3 से 4 महीने इन विटामिन्स के सेवन के बाद कंसीव करने में आसानी होती हैं।



### विटामिन डी

यह विटामिन आपके शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है, जो हड्डियों की मजबूती को बढ़ावा देता है। इसके सेवन से ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का खतरा कम होता हैं। शरीर में विटामिन डी की पूर्ति के लिए बादाम, सोया, जई और डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन किया जा सकता हैं। विटामिन डी के सेवन से बच्चों में रिकेट्स नामक बीमारी से बचाव होता हैं।

### फोलिक एसिड

कंसीव करने से पहले और इस दौरान लिया जाना वाला सबसे जरूरी विटामिन है। फोलिक एसिड का सेवन न करने के कारण बच्चों में कई तरह की समस्याएं जैसे बच्चे की रीढ़ की हड्डी में समस्या, मानसिक समस्याएं और हृदय से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं इसके सेवन से कंसीव करने में भी मदद मिलती हैं।

### ओमेगा 3 फैटी एसिड

भ्रूण के मस्तिष्क के विकास को बढ़ावा देने के लिए गर्भावस्था के दौरान ओमेगा 3 का सेवन जरूरी है। लेकिन ध्यान रखें कि कई बार ओमेगा 3 फैटी एसिड लेने से महिलाओं को कई तरह की परेशानी जैसे उल्टी और मितली की समस्या हो सकती हैं। ऐसे में इसको लेने से पहले डॉक्टर की परामर्श अवश्य लें। प्रग्नेंसी के दौरान इसके सेवनसे कंसीव करने के साथ शिशु के विकास में भी मदद मिलती हैं।

### विटामिन ई

विटामिन ई महिला के साथ पुरुषों के लिए फायदेमंद होता हैं। अगर आप लंबे समय से कंसीव करने की कोशिश कर रहे हैं, तो डाइट में विटामिन ई को अवश्य शामिल करें। विटामिन ई के सेवन से फर्टिलिटी में सुधार होने के साथ पुरुषों में स्पर्म की क्वाविटी भी ठीक होती हैं।

# लंबे और घने बालों के लिए रोज करें ये योगासन

लंबे बाल ज्यादातर महिलाओं को पसंद होते हैं। हालांकि, इनकी देख-रेख करना मुश्किल होता है, लेकिन यह भी सच है कि लंबे बाल आपकी खूबसूरती में चार-चांद लगा सकते हैं। घने और लंबे बालों के लिए बालों की ऑयलिंग करना बहुत जरूरी है। आजकल काफी महिलाएं बालों में तेल लगाने से बचती हैं। लेकिन असल में बालों की जड़ों को मजबूती देने के लिए हेयर ऑयलिंग और खान-पान में जरूरी न्यूट्रिएंट्स का शामिल होना जरूरी है।





### बालों की ग्रोथ के लिए करें अधोमुखश्वानासन

- पैरों के बीच दूरी बनाकर सीधा खड़े हो जाएं।
- सांस भरते हुए हाथों को ऊपर की ओर उठाएं।
- अब सांस छोड़ते हुए हाथों को झुकाकर शरीर से वी जैसा आकार बनाएं और फर्श को छुएं।
- सामान्य रूप से सांस लेते रहें।
- कुछ देर तक इसी पोजिशन को मेंटेन करें।
- सांस छोड़ते हुए नॉर्मल पोजिशन पर आएं।
- इसे 3-4 बार दोहराएं।
- यह स्ट्रेस को दूर करता है।
- इससे बालों की ग्रोथ होती है, बाल मोटे और घने होते हैं।
- यह डाइजेशन को ठीक करता है और वजन कम करने में भी मदद करता है।

### लंबे बालों के लिए करें सर्वांगासन

- सबसे पहले आराम से जमीन या मैट पर ले जाएं।
- अपने पैरों को धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठाएं।
- अब हिप्स को ऊपर की तरफ उठाते हुए पैरों को सिर की दिशा में लाएं।
- अपने पैर, चेस्ट और पेट को एक लाइन में लाने की कोशिश करते हुए इन्हें ऊपर की ओर उठाएं।
- कमर को सहारा देने के लिए हथेलियों का इस्तेमाल करें।
- जितनी देर हो सके, इस पोजिशन को होल्ड करें।
- इससे बालों का झड़ना कम होता है।
- दरअसल, इससे स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और बाल कम गिरते हैं।
- सर्वांगासन (सर्वांगासन के फायदे) से कब्ज से राहत मिलती है और सिरदर्द दूर होता है।

# जामुन के फल, पत्ते और बीज खाने से सेहत को मिलते हैं कई फायदे

जामुन तो शायद आप सबने खाए होंगे। क्या आप जामुन, जिसे हम इंडियन ब्लैकबेरी के नाम से भी जानते हैं। यह कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर है। यही नहीं, यह कई बीमारियों के रिस्क को कम करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। सबसे हैरान करने वाली बात ये है कि न सिर्फ जामुन का फल, बल्कि इसके बीज और इसके पत्ते भी स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी होते हैं।



### जामुन फल खाने के फायदे

जामुन फल, जो कि काले रंग की ऊपरी लेयर से कवर रहता है। यह फल सेहत के लिए बहुत ही लाभकारी होता है। इसमें कैलोरी बहुत कम मात्रा में पाई जाती है। जबकि, यह विटामिन-सी, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम और फाइटोकेमिकल्स का बहुत अच्छा स्रोत है। आप चाहें, तो जामुन का जूस घर में बनाकर इसका सेवन भी कर सकते हैं। हालांकि, विशेषज्ञ सलाह देते हैं, किसी भी फल का जूस निकालने के बजाय, उसे चबाकर खाना ज्यादा फायदेमंद होता है। खैर, जामुन फल की बात करें, तो कई एक्सपर्ट का कहना है कि यह हाई ब्लड शुगर करने में मुख्य भूमिका निभा सकता है। इसके अलावा, यह हार्ट प्रॉब्लम और कैंसर जैसी बीमारियों के रिस्क को भी कम करने में जामुन का फल काफी उपयोगी साबित हो सकता है।

### जामुन के बीज के फायदे

जिस तरह आप जामुन स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है, इसी तरह जामुन के बीज भी स्वास्थ्य को बहुत फायदा पहुंचाते हैं। एनसीबीआई में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, जामुन के बीज से बने पाउडर का सेवन करने से डायबिटीज को मैनेज करने में मदद मिलती है। इस तरह देखा जाए, तो डायबिटीज के मरीजों के लिए यह बहुत गुणकारी है। यही नहीं, कोर्डियोवास्कुलर और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल से जुड़ी समस्याओं से राहत के लिए भी आप जामुन के बीज के पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि, कितनी मात्रा में इस पाउडर का उपयोग किया जाना चाहिए और कितने दिनों करना चाहिए, इस संबंध में आपको एक्सपर्ट से सलाह लेनी चाहिए।

### जामुन के पत्ते चबाने के फायदे

जैसा कि आप जानते हैं कि जामुन एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन, प्रोटीन, फ्लेवेनॉएड, मैंग्नीज, पोटेशियम, फास्फोरस और कैल्शियम का बहुत अच्छा स्रोत है। जामुन के फल की तरह, इसकी पत्तियां भी स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी मानी जाती हैं। जामुन की पत्तियां भी कई तरह की न्यूट्रिएंट्स से भरपूर हैं। इसकी पत्तियों में एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-वायरस और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो ब्लड शुगर के स्तर को कम करने, कब्ज का इलाज करने और एलर्जी को खत्म करने में मदद करते हैं। यही नहीं, अगर जामुन के पत्तों का जूस बनाकर पिया जाए, तो इससे हेयर फॉल कम होता है, स्कैल्प की हेल्थ बेहतर होती है।

# माइग्रेन अटैक से हैं परेशान तो इन चीजों का करें सेवन

सिरदर्द एक ऐसी समस्या है, जिसे हम सभी ने कभी ना कभी एक्सपीरियंस किया ही है। आमतौर पर, सिरदर्द कई तरह का होता है। इन्हीं में से एक है माइग्रेन। जिन लोगों को माइग्रेन अटैक होता है, उनके सिर के एक हिस्से में बहुत तेज दर्द होता है। यह दर्द इतना होता है कि उसे बर्दाश्त कर पाना भी काफी मुश्किल हो जाता है। अमूमन माइग्रेन का दर्द हरवक्त नहीं होता है, बल्कि कुछ चीजों से माइग्रेन अटैक ट्रिगर होता है। ऐसे में व्यक्ति को यह सलाह दी जाती है कि वह अपने ट्रिगर को पहचानकर उनसे बचने की कोशिश करें। इसके अलावा, आपका लाइफस्टाइल व खानपान भी माइग्रेन को काफी हद तक प्रभावित करता है। दरअसल, ऐसे कई फूड्स होते हैं, जिन्हें अगर डाइट में शामिल किया जाता है तो इससे बार-बार होने वाले माइग्रेन अटैक व सिरदर्द को मैनेज करने में काफी हद तक मदद मिलती है।







### खाएं मैग्नीशियम रिच फूड्स

अगर आपको माइग्रेन की समस्या है तो आपको अपनी डाइट में मैग्नीशियम रिच फूड्स (मैग्नीशियम रिच फूड्स) को जरूर शामिल करना चाहिए। दरअसल, मैग्नीशियम न्यूरोट्रांसमीटर फ़ंक्शन को रेग्युलेट करने में काफी मदद करता है, जिससे माइग्रेन अटैक को रोकने में मदद मिलती है। कोशिश करें कि आप अपनी डाइट में मैग्नीशियम रिच फूड्स जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, एवोकाडो, ट्यूना, नट्स, सीड्स, साबुत अनाज आदि को जरूर शामिल करें।

### खाएं ओमेगा-3 फैटी एसिड रिच फूड्स


रिसर्च में यह बात सामने आई है कि ओमेगा-3 फैटी एसिड रिच फूड्स लेने से माइग्रेन अटैक बार-बार नहीं होते हैं। ऐसा इसलिए भी हो सकता है, क्योंकि ओमेगा-3 फैटी एसिड में एंटी- इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो ब्रेन से जुड़ी इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसलिए, आप कोशिश करें कि डाइट में सॉल्मन, मैकेरल और सार्डिन जैसी फिश को जरूर शामिल करें। अगर आप वेजिटेरियन हैं तो आप अलसी के बीज, चिया सीड्स और अखरोट आदि को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

### हाइड्रेशन का रखें ध्यान

जब भी माइग्रेन अटैक (माइग्रेन अटैक बचाव टिप्स) की बात होती है तो उसमें पानी एक अहम् भूमिका निभाता है। दरअसल, डिहाइड्रेशन कई लोगों के लिए एक सामान्य माइग्रेन ट्रिगर है। इसलिए, एक माइग्रेन पेशेंट को अपने खाने के साथ-साथ वाटर इनटेक का भी पूरा ख्याल रखना चाहिए। कोशिश करें कि आप पूरा दिन खूब सारा पानी पीकर खुद को हाइड्रेटेड रखें। साथ ही साथ, बहुत अधिक शराब और कैफीन के सेवन से बचें, क्योंकि ये आपकी बॉडी को डिहाइड्रेटेड करते हैं। इससे आपको मतली या सिरदर्द जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।

### हाई फैट लो कार्ब फूड

रिसर्च से यह भी पता चला है कि हाई फैट, लो कार्ब डाइट लेने से भी माइग्रेन के कारण होने वाले सिरदर्द को रोका जा सकता है। इस लिहाज से आप कीटो डाइट फॉलो कर सकते हैं। हालांकि, यह हर किसी के लिए नहीं है। अगर आप किसी तरह की खास डाइट को फॉलो करने का मन बना रहे हैं तो ऐसे में आपको पहले एक बार हेल्थ केयर एक्सपर्ट से सलाह अवश्य लेनी चाहिए।



# देविका ने गांव व विद्यालय का नाम किया रोशन

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महेंद्र खडोलिया माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी दसवीं के परीक्षा परिणाम में श्री गुरुकृपा इंटरनेशनल स्कूल बावड़ी रिंगस के देविका सैनी पुत्री प्रकाश चंद सैनी निवासी ढाणी बलुवाली तन बस्सी ढालियावास 97.16 अंक प्राप्त कर गांव स्कूल का नाम रोशन किया । देविका ने बताया कि इससे सफलता का श्रेय मेरे माता-पिता व स्कूल स्टाफको देती हूं जो मुझे समय-समय पर प्रेरित करते थे देविका का कहना है की सफलता कठोर परिश्रम और नियमित अध्ययन करने से मिलती है देविका का कहना है कि आगे चलकर मैं डॉक्टर बनकर आमजन की सेवा करना चाहती हूं।

# 11 झुग्गियों की 651 बेटियों को भोजन करा दिए उपहार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चैत्र शुक्ल अष्टमी-नवमी को छोटीकाशी में विभिन्न स्थानों पर वासंतिक नवरात्र के आखिरी दिन कन्या पूजन किया गया। घर-घर में कन्याओं को देवी का रूप मानते हुए आवभगत की गई। कन्याओं को भोजन कराकर उपहार दिए गए। इसी कड़ी में उत्थान सेवा संस्थान की ओर झोटवाड़ा के नांगल जैसा बोहरा स्थित बोहरा जी की बावड़ी में एकादशम् कन्या पूजन एवं वैदिक यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें 11 झुग्गी बस्तियों से 651 कन्याओं को वाहनों के माध्यम से नांगल जैसा बोहरा स्थित बोहरा जी की बावड़ी में भोजन कराया गया। सभी बच्चियों का गंगाजल और पुष्प मिले जल से चरण प्रक्षालन कर तिलक किया। सिर पर चूनरी बांधकर आदर भाव से आसन ग्रहण कराया। प्रेम पूर्वक भोजन ग्रहण कराने के बाद वस्त्र और चरण पादुकाएं सहित अन्य उपहार भेंट किए गए। आसपास की कॉलोनियों के लोगों ने इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित देवियों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और भेंट दी। कन्या पूजन के पूर्व राजेश गुप्ता, मनु महाराज और उमाशंकर खंडेलवाल, महेन्द्र भौमियां ने पंच कुंडीय वैदिक गायत्री महायज्ञ कराया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने और नारी सशक्तिकरण के लिए विशेष आहुतियां प्रदान की गई। बेटियों की सुरक्षा के लिए मां दुर्गा को अर्पित की आहुतियां अर्पित की गई। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पत्तों के दौने-पत्तल में भोजन कराया गया। इस अवसर पर मालवीय नगर के विधायक कालीचरण सराफ, सरस डेयरी फेडरेशन की चेयरमैन सोनिला चतुर्वेदी, आरएएस मुरारीलाल शर्मा, उद्योगपति कैलाश चंद बोहरा, पतंजलि योग समिति के प्रदेश अभिभावक कुलभूषण बैराठी, पतंजलि महिला योग समिति की प्रदेश संरक्षिका शारदा यादव, भारत स्वाभिमान राजस्थान के पूर्व प्रभारी अरविंद पांडेय, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस के अधिकारी एस एस नागर ने मां दुर्गा और राम दरबार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उत्थान सेवा संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन शीशराम पूनिया एवं अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा रोड नंबर 6 की ओर से नौ देवियों की चैतन्य झांकी सजाई गई। पतंजलि किसान सेवा समिति, गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा, मां करणी प्रभात शाखा सहित विभिन्न संस्थाओं के लगभग 270 कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर आयोजन को सफल बनाया। नांगल जैसा बोहरा, मुरलीपुरा, विद्याधरनगर, निवारू रोड, लोहामंडी, निर्माणनगर की योग कक्षाओं के योग साधक उपस्थित रहे। अंजू गोयल और तिरुपति कंडोई ने मंच संचालन किया। शिवानंद त्रिपाठी ने आभार प्रकट किया।

### बच्चों ने दी मन मोहक प्रस्तुतियां

उत्थान सेवा संस्थान की ओर से नि:शुल्क संचालित अपनी बाल संस्कार पाठशाला के बालक-बालिकाओं ने सनातन संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। भगवान राम और दुर्गा का स्वरूप बने बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहे। भामाशाहों ने दोनों विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों की शिक्षा के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# एसीएस स्पोर्ट्स प्रवीण गुप्ता ने लिया स्टेडियम का जायजा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा युवा मामले व खेल विभाग, राजस्थान सरकार प्रवीण गुप्ता ने गुरुवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम पर जयपुर में आगामी दिनों में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए चल रही विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को इस बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर संयुक्त शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार तथा सचिव राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद नीतू बारूपाल, मुख्य लेखाधिकारी कमलप्रीत कौर, पीडब्ल्यूडी के अधिकारीगण, क्रीड़ा परिषद के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष राजीव खन्ना सहित भी अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। जयपुर में आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां पिछले महीने से ही शुरू हो गई हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी की टीम स्टेडियम में सभी तरह के नवीनीकरण एवं अपग्रेडेशन के कार्यों को समय पर पूरा कर स्टेडियम को मैचों के आयोजन के लिए तैयार कर देगी। दर्शकों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे दर्शक आरामदायक और सुविधाजनक माहौल में मैचों का आनन्द लें। आईपीएल मैचों के आयोजन से पहले फ्लड लाइट्स, सिविल, वाटर और इलेक्ट्रिक वर्क, नई लिफ्ट लगाने, वीआईपी साउथ स्टेंड्स के साथ नॉर्थ और अन्य स्टेंड्स के वॉशरूम का अपग्रेडेशन, कंटीले तारों को हटाकर नई जालियां लगाने तथा दर्शकों को सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कार्य पूरे किए जा रहे है। उल्लेखनीय है कि 1995 बैच के आईएएस अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बुधवार को ही अतिरिक्त मुख्य सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग का कार्यभार ग्रहण किया था। चार्ज लेने के बाद गुरुवार को एसीएस स्पोर्ट्स की पहली विजिट थी। इस अवसर पर उनका नीतू बारूपाल ने बुके भेट कर स्वागत भी किया।

# फरमून ने 10वीं बोर्ड में 94.33 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया परिवार का मान

हर्ष सोनी



**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** जिले की होनहार छात्रा फरमून ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94.33 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता के बाद परिवार में खुशी का माहौल है । फरमून अलमदनी इस्लामिया गर्ल्स स्कूल की छात्रा है। अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर उसने यह मुकाम हासिल किया। फरमून की इस उपलब्धि से न केवल उसके माता-पिता गर्व महसूस कर रहे हैं, बल्कि स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने भी उसकी जमकर सराहना की है।

# जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित

निसं




**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार आपणी योजना में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और समुचित निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारी एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला कलक्टर सुराणा ने बैठक में वर्तमान में चल रही फसल कटाई प्रयोग पर चर्चा की तथा गत सप्ताह में असामयिक वर्षा के कारण फसल कटाई उपरांत हुए नुकसान के सर्वे के लिए दर्ज इंटीमेशन के सत्यापन का कार्य अविलंब पूर्ण करने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार कैलाश चंद्र ने बताया कि रबी वर्ष 2025-26 में तारामीरा फसल में बहुत अधिक क्षेत्रफल में फसल बीमा प्रीमियम जमा कर पॉलिसी बनाए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसकी जांच के लिए प्रत्येक पटवार स्तर पर कमेटी का गठन कर वास्तविक तारामीरा की बुवाई का सर्वेक्षण करवाया गया तथा ऑनलाइन प्राप्त गिरदावरी में किसान वार क्षेत्रफल एवं बीमा पॉलिसी में दर्ज क्षेत्रफल का मिलान करने पर बहुत अधिक अंतर पाया गया है। जिले में केवल 2077 हेक्टेयर में तारामीरा की वास्तविक बुवाई हुई है जबकि लगभग 22781 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तारामीरा की पॉलिसी किसानों द्वारा बनवाई गई है इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा भी ऐसे किसानों को चिन्हित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है, जिन्होंने बिना फसल बुवाई किए ही पॉलिसी बनवाई गई है। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार उक्त बीमा पॉलिसियों को निरस्त किया जाकर किसानों को चिन्हित किए जाने की कार्रवाई करने का निर्णय कमेटी द्वारा लिया गया है। अब उन किसानों को चिन्हित किया जा रहा है जिनके द्वारा बिना फसल बुवाई किए बिना पॉलिसी बनवाई जा रही हैं।

# रामनवमी पर निकाली भगवा रैली

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे में रामनवमी के उपलक्ष्य में गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं सभी हिन्दू संगठनों की सहभागिता से कस्बे के सीकर नोखा रोड़ स्थित राणी सती मंदिर से सैकड़ों की संख्या में ओम् अंकित भगवा ध्वजाओं, भगवान श्रीराम, बजरंग बली व अन्य देवी देवताओं की झांकियों के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बैंड बाजें, रथ, बग्गी, घोड़ी व डीजे के साथ सैकड़ो की संख्या में युवाओं की रैली कस्बे के मुख्य मार्गो से निकली तो देखने के लिए जगह-जगह जन सैलाब उमड़ पड़ा। विशाल शोभायात्रा में घर-घर भगवा छाएगा रामराज फिर आयेगा, राजतिलक की करो तैयारी आ रहे हैं भगवाधारी, वंदे मातरम जय श्रीराम जय श्रीराम आदि उद्घोषों से पूरा कस्बा गुंजायमान हो उठा। सैकड़ों की संख्या में जब युवाओं ने हाथों में केसरिया ध्वज के साथ पैदल व वाहनों के साथ सवार होकर रैली निकाली तो पूरा कस्बा भगवा रंग में रंग गया। शोभायात्रा मुख्य मार्गो से गुजरी तो सैकड़ो की संख्या में खड़े लोगो ने पुष्प वर्षा की गई। शोभायात्रा के दौरान अनेक मोहल्लों में घरों के आगे रंगोलियां बनाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए बाल बाड़ी भवन के पास सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में गढ़ के ठाकुर किशन राज सिंह बिदावत, विहिप के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, संजय कुमार मोदी, कमल सिंह दुगड़, धनराज सैन, अंकित सेठिया, सुजल सैन, सुभम जैन, गौरव भाटी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग पैदल रैली में शामिल हुए। शोभायात्रा को लेकर तहसीलदार अमर सिंह बोचला, पुलिस थाना के सीआई दिलीप सिंह शेखावत, सुजानगढ़ के सीआई पुष्पेंद्र झाझड़िया सहित सांडवा, छापर से पहुंचे पुलिसकर्मी चाक चौबंद रहे।

### उपनिरीक्षक दूरसंचार भर्ती: 9 अप्रैल से शुरू होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित उप निरीक्षक दूरसंचार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अपडेट है। लिखित परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन आगामी 9 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक राजस्थान पुलिस अकादमी पानीपेच, जयपुर में किया जाना प्रस्तावित है। भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के उप महानिरीक्षक पुलिस मनोज कुमार ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र शीघ्र ही जारी कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से इन्हें ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे। एडमिट कार्ड के साथ अभ्यर्थियों को अपना एक फोटोयुक्त मूल पहचान दस्तावेज लेकर नियत तिथि और समय पर बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे महानिदेशक पुलिस, राजस्थान के स्थाई आदेश संख्या 10/2025 में निर्धारित पाठ्यक्रम और मापदंडों के अनुसार अपनी शारीरिक तैयारी पुख्ता रखें।

# रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में रामनवमी के उपलक्ष्य पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। कुम्भ नाथ दरबार के महंत अघोरी बाबा शैलेंद्र नाथ महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या मे महिलाओं एवं युवाओं ने हाथ में भगवा ध्वज के साथ शामिल हुए डीजे के साथ जय श्री राम के नारों के साथ नाचते गाते आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा राम मंदिर से शुरू हुई जो कि गोपीनाथ मंदिर होते हुए मुख्य बाजार से बस स्टैंड नगर पालिका की पास से राम मंदिर पहुँची। शोभायात्रा के दौरान निवर्तमान पालिका चेयरमैन मनीष चौधरी के नेतृत्व सहित कस्बे में जगह जगह पर नागरिकों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान राम मंदिर की मनमोहक झांकी सजाई गई। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह जूस, रसना एवं ठंडाई पिलाई गई। राम मन्दिर पंडित विजय शर्मा के आचार्यत्व मे महा आरती की गई। महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। थानाधिकारी ताराचंद यादव के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद नजर आई। इस अवसर पर रामकुमार सैनी, बनवारी लाल शर्मा, रामस्वरूप बियाला, प्रमोद पचलैंगिया, पवन पचलैंगिया, अजय सैनी, दिलीप मीणा, भास्कर दूलर, मनीष शर्मा, संतोष शर्मा, गोविंद शर्मा, कपिल शर्मा, ओपी विर्ख, चंद्र पाल दूलर, घनश्याम शर्मा, सज्जन सैन, महेश पसोरिया, मनोज पोरवाल, मुकेश बारी, रामस्वरूप जांगिड़, राजकुमार सोनी, रामप्रताप सैनी, सहित बड़ी संख्या मे गणमान्यजन मौजूद रहे।

# छात्राओं को मिली साईकिलें



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** पबाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्या डॉ. चित्रा बुडानिया ने बताया कि 11 छात्राओं को साईकिल वितरण की गई। हाल ही मे घोषित हुए 10वी, 8 वी एवं 5 वी मे विद्यालय टॉपर रहने वाले छात्रों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर सांवरमल चाहर, इंजी जोरमल, ओमप्रकाश डोटासरा, मकबूल खा, कमलेश खीचड़ सहित विद्यालय स्टाफसदस्य मौजूद रहे।

# भगवा रंग में रंगी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की शोभायात्रा



निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव उपलक्ष्य में भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा होती रही तो श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में राम दरबार, शिव, वीर हनुमान सहित कई झांकियां सजाई गई। नगर की सड़कों पर रामभक्तों का जन सैलाब देखने को मिला। भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। शोभायात्रा से पहले राम का दरबार रघुनाथ जी का मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री रामचरित मानस के पाठ, पूजा अर्चना हवन इसके बाद दोपहर को प्रभु की महाआरती की गई। इसके बाद रघुनाथ मंदिर से दोपहर बाद भगवान श्रीराम की धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। रथ पर विराजमान होकर ठाकुरजी शोभायात्रा के लिए निकले। शोभायात्रा में भव्य झांकियां रथ पर सवार ठाकुरजी और भगवा रंग में रंगा शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र बना रहा। रघुनाथ का मंदिर से शोभायात्रा शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं का कारवां जुड़ता ही गया। शोभायात्रा मार्गों में जगह-जगह पर लोगों ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा की खाश बात यह रही कि भगवा रंग में रंगा हुआ रहा भगवान की शोभायात्रा।

# छापोली की छात्रा ने किया क्षेत्र का नाम रोशन



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** कक्षा 10 के बोर्ड परीक्षा 2026 में रा. उ. मा. वि. छापोली की छात्रा काजू सैनी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया क्षेत्र का नाम रोशन। इस अवसर आयोजित प्रतिभा समान समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल गुप्ता ने बताया कि 44 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी और 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये जिसमें काजू सैनी 98 प्रतिशत, रीना भाकर 95.33, रवीना भाकर 95, पूजा गुर्जर 93, प्रियांशु सामोता 92.67, सोनल भाकर 92.50 तथा ऐसीका गुर्जर 92.50 प्रतिशत रहें। कार्यक्रम में एसीबीईओ 1 महेंद्र सैनी, एसीबीईओ 2 बृजलाल देवठिया तथा सरपंच प्रीतनिधि रामलाल सैनी का मुख्य आतिथ्य रहे। इस अवसर विद्यार्थियों के अभिभावकों को अध्यापको तथा विद्यार्थियों को सम्मानित कर पूरे गांव में रैली निकाली गई। इस अवसर स्टॉफसदस्य पवन मीणा, नरेन्द्र जालोपिया, कैलाश मीणा, अशोक बॉयल, सरिता गुप्ता, सरोज, पूनम चौधरी, कमलेश कुमावत, सुरेश सैनी, विकास निर्मल, अनिल जांगिड़, जितेन्द्र मीणा, महिपाल यादव, अर्जुन यादव, रजनीश, मुकेश यादव, केशर लाल सैनी, मुकेश कुमार, रामस्वरूप कीरोड़िया, हरेंद्र वर्मा, रामस्वरूप किलानिया, गोपी चेजारा, विक्रम, लक्ष्मण मीणा, अशोक सैनी और हरिराम सहित सम्पूर्ण स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र जालोपिया ने किया।

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा सरदारशहर

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** शेखावाटी अंचल के सरदारशहर में गुरुवार को श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। पूरे शहर में जय श्रीराम के जयकारों के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा और हर ओर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित यह शोभायात्रा अर्जुन क्लब अस्पताल के सामने से शुरू होकर मुख्य बाजार, शार्दूल व्यायामशाला होते हुए ताल मैदान तक पहुंची। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में सजी.धजी आकर्षक झांकियां, विशाल धर्म ध्वजाएं और भव्य रथों पर विराजमान भगवान श्रीराम दरबार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। संत-महात्माओं के आशीर्वचन, बाल संतों के प्रवचन, नृत्य-नाटिकाएं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। इस दौरान हजारों की संख्या में महिलाए पुरुष, युवा और बच्चे शोभायात्रा में शामिल हुए। शहर के बाजारों को दुल्हन की तरह सजाया गया तथा जगह.जगह स्वागत द्वार बनाकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुई। रामनवमी की यह भव्य शोभायात्रा सरदारशहर की धार्मिक आस्था, एकता और समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की एक बार फिर जीवंत झलक बनकर सामने आई।

# तीन दर्जन झांकियों के साथ नगर भ्रमण पर निकले भगवान श्रीराम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पालने में झूलते रामलला, शिवजी की हथेली पर नृत्य करते गणेशजी, आदिदेव महादेव की आरती उतारे वीर बजरंब बली यह दृश्य था रामनवमी पर गुरुवार को सूरजपोल से निकली शोभायात्रा का। अपने जन्मोत्सव पर प्रभु श्रीराम तीन दर्जन झांकियों के साथ भक्तों को दर्शन देने निकले। श्री रामकृष्ण जयंती महोत्सव समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में शोभायात्रा सूरजपोल अनाज मंडी से गाजे-बाजे एवं सुसज्जित लवाजमे के साथ रवाना हुई। श्री रामकृष्ण जयंती महोत्सव समिति ट्रस्ट के महामंत्री प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि ब्रह्म पीठाधीश्वर खोजीजीद्वाराचार्य रामरिछपाल दास महाराज त्रिवेणी धाम, श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में आरती-पूजन के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में 35 आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिनमें रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन दिखा। श्रीराम, भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न के स्वरूप सरकार विशेष रथ में विराजमान थे। इसके अतिरिक्त जेके लोन गणेश जी का रथ, हरिसिंह जी भौमियां जी, वीर हनुमान जी, जीण माता, वैष्णो देवी, नीली हवेली वाले हनुमानजी, मुरली मनोहरजी मंदिर एवं चिंताहरण हनुमान जी सहित विभिन्न धार्मिक झांकियां श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही थीं। रास मंडल एवं रंगमहल की विद्युत चलित झांकियों की कलात्मकता ने सबका मन मोह लिया। गौरांग महाप्रभु संकीर्तन मंडल के लोग भजन-कीर्तन एवं हरिनाम संकीर्तन से पूरे मार्ग में भक्ति का वातावरण बनाते चल रहे थे। साथ ही ढूंढाड़ी भाषा में लोकगीत एवं पारंपरिक लोकनृत्य ने राजस्थानी संस्कृति की छटा बिखेरी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए स्वागत मंचों पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी।

### भगवा रंग में रंगा शोभायात्रा मार्ग

शोभायात्रा सूरजपोल बाजार, रामगंज चौपड़, रामगंज बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार एवं छोटी चौपड़ होते हुए चांदपोल बाजार स्थित राम चंद्र मंदिर पहुंची। मार्गों से श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा मार्ग को भगवा झंडों से सजाया गया।


## आम सूचना

Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा सरदारशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनोद कुमार पुत्र रामावतार सोनी निवासी सरदारशहर, जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 1140 वर्ग फिट वाके वार्ड नंबर 26, मोहल्ला सेवगान तहसील सरदारशहर, जिला चूरू जो की जरिये परित्याग पत्र डीड दिनांकित 11.03.2026 को मंजू देवी पत्नी रामावतार सोनी व मनीष व निशा पुत्र व पुत्री रामावतार सोनी से प्रार्थी के पक्ष में परित्याग शुदा है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा सरदारशहर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**



## गुमशुदा की तलाश



मेरे पति महावीर पुत्र रामदेवा जाट निवासी मीलों का बास तन कैरू तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनू दिनांक 20 मार्च 2010 को बिना बताए घर से निकल गए थे, जिनको रिश्तेदारों व जान पहचान वालों के यहां काफी तलाश किया, परन्तु कोई जानकारी नहीं मिली। मैं अनपढ़ होने के कारण गुमशुदगी दर्ज नहीं करा सकी। जिस किसी को इस बारे में पता चले तो इस पते पर जानकारी दें।

**सन्तोष देवी पत्नी महावीर जाट**
**मीलों का बास तन कैरू नवलगढ़ जिला झुंझुनू राज.।**
**मो. 9001508480**

